उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी.....

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

वर्षः 10 || अंकः31 || पृष्ठः 8 || मूल्य 2:00/- रुपए || कानपुर || सोमवार || 01 सितंबर 2025



अंदर के पृष्ठों पर | 8 अवैध शस्त्रों पर कड़ी निगरानी के कानपुर डीएम ने दिए सख्त निर्देश | 7 अपराधी भाजपा राज में फल फूल रहे हैं- पवन गुप्ता

# लखनऊ में पटाखा फैक्टरी में हुआ भीषण विस्फोट

## सात लोगों की मौत की खबर, पांच घायल; सीएम योगी ने लिया घटना का संज्ञान

» बीपीएस न्यूज

लखनऊ। राजधानी में पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट से सात लोगों के मरने की आशंका है। जबकि पांच लोग घायल बताए जा रहे हैं। फिल्मी स्टाइल में भवन उड़ा। देखकर लोगों के दिल दहल गए।

राजधानी लखनऊ में रविवार को पटाखा फैक्टरी में अचानक विस्फोट हो गया।

जोरदार धमाके से पूरा इलाका दहल उठा। आवाज सुनकर लोग घरों से निकलकर मौके की तरफ भागे। स्थानीय लोगों ने अंदर फंसे लोगों को बचाने का प्रयास शुरू किया। घटना गुडंबा थाना क्षेत्र के बेहटा इलाके की है।



उधर, पुलिस और एंबुलेंस को भी सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस, एंबुलेंस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची


। टीम ने घायल लोगों को अस्पताल भेजा। घटना में करीब सात लोगों के मरने की आशंका जताई जा रही है। करीब पांच लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। राहत बचाव कार्य जारी है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पटाखा फैक्टरी में हुए हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

साथ ही अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए।

## रामायण के डायरेक्टर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का निधन, बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थे

» बीपीएस न्यूज



लखनऊ। प्रेम सागर ने अपने पिता के द्वारा स्थापित प्रोडक्शन हाउस, सागर आर्ट्स, के तहत कई परियोजनाओं को आकार देने में अहम भूमिका निभाई।

फिल्म निर्माता रामानंद सागर के बेटे और निर्माता शिव सागर के पिता प्रेम सागर का आज सुबह 10 बजे निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। खबरों के मुताबिक वह कुछ समय से अस्वस्थ थे और उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को डॉक्टरों ने उन्हें घर ले जाने की सलाह दी। इसके बाद उनका निधन हो गया।सागर परिवार की विरासत को आगे बढ़ाया

प्रेम सागर निर्माता और मशहूर सिनेमैटोग्राफर थे। उन्होंने भारतीय सिनेमा और टेलीविजन में सागर परिवार की विरासत को आगे बढ़ाया।

वह भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई), पुणे के 1968 बैच के पूर्व छात्र थे।

उन्होंने अपने पिता के द्वारा स्थापित प्रोडक्शन हाउस, सागर आर्ट्स, के तहत कई परियोजनाओं को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। रामानंद सागर को मशहूर टीवी सीरियल रामायण के निर्माण के लिए सबसे अधिक याद किया जाता है।

## भाजपा की आत्मनिर्भरता खोखली, अखिलेश यादव का सरकार पर हमला

» बीपीएस न्यूज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए रविवार को कहा कि चीन से आने वाले सामानों पर भारत की निर्भरता लगातार बढ़ रही है, जिसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के घटते कारोबार पर पड़ रहा है। सपा प्रमुख यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''यही है तथाकथित आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और चीनी सामान के बहिष्कार के भाजपाई जुमलों का चिंताजनक सच।''

उन्होंने इसे विस्तार से समझाते हुए कहा, ''चीन से आने वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोजगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।'' यादव ने आगाह करते हुए कहा, ''भाजपा चीनी चाल की क्रोनोलॉजी समझे।'' उन्होंने आगे कहा, ''पहले चीन अपना माल भारत के बाजारों में भर देगा जिससे चीन पर निर्भरता इतनी बढ़ जाएगी कि उनकी हर गलत हरकत को नजरअंदाज करने के लिए भाजपाई मजबूर हो जाएंगे।''यादव ने दावा किया, ''उसके बाद चीन हमारे उत्पादों और उद्योगों को धीरे-धीरे बंद करवाने के कगार तक ले जाएगा और उसके बाद मनमाने दाम पर हर चीज की आपूर्ति करेगा।उसके बाद



महंगाई-बेरोजगारी बढ़ाएगा।'' भविष्य के खतरों को लेकर उन्होंने आगाह किया, ''जब महंगाई और बेरोजगारी ज्यादा होगी तो सरकार के खिलाफ जनता का आक्रोश भी बढ़ेगा और बिना बहुमत की भाजपा की सरकार और भी कमजोर होकर लड़खड़ा जाएगी।''सपा प्रमुख ने कहा, ''फिर खुद ही लड़खड़ाती भाजपा सरकार चीन के अतिक्रमण को चुनौती नहीं दे पाएगी... उसके बाद हमारी जमीन पर चीन अपना कब्जा और बढ़ाएगा।... इसके बाद भाजपा दोहराएगी कि 'न कोईज न कोईज!'' यादव ने कहा, ''अगर ये बात 'ड्रोनवालों' को समझ नहीं आ रही है तो उत्तर प्रदेश में विराजमान 'बुलडोजर' वाले प्रवासी जी ही ये सच्चाई समझकर जवाब दें कि चीन ने हमारी कितनी जमीन हड़प ली है, क्योंकि उनका मूल निवास स्थान भी चीन के कब्जे का शिकार हुआ है।''सपा अध्यक्ष ने सवाल उठाते हुए कहा, ''भाजपाई बस देश का क्षेत्रफल बता दें।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, 2 आतंकी हथियार संग गिरफ्तार, टला बड़ा खतरा!

» बीपीएस न्यूज



जम्मू। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने शनिवार को संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सीमावर्ती 11 इलाकों में घेराबंदी और तलाशी अभियान (कासो) शुरू किया। यह ऑपरेशन मेंढर, मनकोट और सुरनकोट के बेहरा कुंड, पोथा जंगल, सुरनकोट, पीर तनोरा, सांगला, मोहल्ला लोहार चंडीमढ़, कंडी, कांगड़ा, केरी गलहुटा, मुगल मारा मोहल्ला मुरी और पोली वाला ढोक इलाकों में चलाए गए।जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार बरामद किए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान आजमाबाद निवासी तारिक शेख और चंबर गांव निवासी रियाज अहमद को हिरासत में लिया गया तथा उनसे की गई पूछताछ के आधार पर दो राइफल एवं गोला-बारूद बरामद किए गए। पुलिस ने आजमाबाद में शेख के घर पर छापा मारा और उसे उसके साथी अहमद के साथ गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों से पूछताछ के बाद पुलिस दल ने जलियां गांव स्थित शेख के किराए के मकान पर छापा मारा और हथियार बरामद किए।इससे पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को पुंछ जिले में प्रतिबंधित संगठन हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े एक पाकिस्तान स्थित आतंकवादी आका की अचल संपत्ति कुर्क की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंडी तहसील के चपरियां गांव का निवासी मोहम्मद आजम पुंछ में कई आतंकवादी मामलों में वांछित था, लेकिन कुछ समय पहले सीमा पार भाग गया था। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आजम जम्मू-कश्मीर में लगातार विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहा है, खासकर पुंछ-राजौरी क्षेत्र को निशाना बनाकर। उन्होंने बताया कि स्थानीय अदालत के निर्देश पर दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के प्रावधानों के तहत उसकी सात मरला ज़मीन कुर्क कर ली गई है।यह कार्रवाई 2023 में मंडी पुलिस स्टेशन में आजम के खिलाफ दर्ज एक मामले के बाद की गई है। प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में घुसपैठ करने के बाद, अदालत ने आजम को भगोड़ा घोषित कर दिया था।

## मायावती का बड़ा ऐलान: बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी बसपा

लखनऊ। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव को लेकर पिछले दो दिन तक चली समीक्षा बैठक में उम्मीदवारों के चयन सहित पार्टी के हर स्तर की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा।

इसकी जानकारी सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने यह ऐलान किया। मायावती ने कहा कि बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को कमियों को दूर करके पूरी मुस्तैदी व तन, मन, धन से आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है।

## अपराधियों ने युवक की पीट-पीट कर की हत्या, लूट का विरोध करने पर दिया घटना को अंजाम

पटना। राजधानी पटना में अपराधियों ने रुपया और मोबाइल लूट के दौरान विरोध कर रहे एक युवक की जमकर पिटाई करते हुए हत्या कर दी। मृतक की पहचान बहादुरगंज गांव निवासी घमंडी पासवान के पुत्र कुंदन पासवान के रूप में की गई है। घटना पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सिगोड़ी थाना क्षेत्र के बहादुरगंज टांडी की है। इन दिनों लगातार क्राइम की घटनाएं हो रही है। घटनाओं को लेकर लोग काफी परेशान है। पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सिगोड़ी थाना क्षेत्र के बहादुरगंज टांडी पर गांव के पास घटना के बाद से सभी अपराधी फरार है। हालांकि पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए जुटी हुई है। इस लूट के दौरान युवक की हुई हत्या को लेकर ग्रामीणों के बीच काफी आक्रोश का माहौल बना हुआ है। वह इस घटना को लेकर पूरे इलाके में सनसनी बनी हुई है। घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि कुंदन पासवान किसी काम से पालीगंज की ओर गया हुआ था। घर लौटने के दौरान देर रात हो गई। इस बीच रास्ते में कुछ अपराधियों ने उसका रास्ता रोककर उसके साथ लूट-पाट करने लगे।

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को गणेश महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं





संपादक
(बी.पी.साहू)
मो-8423454502,
व्हाटसअप-9335908846
बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें
www.bpsnews.in

## अपनी बात....
### सपादकीय ............

# अर्थव्यवस्था के लिए सहनशक्ति की अग्निपरीक्षा

रूसी कच्चा तेल खरीदने पर सबक सिखाने के मकसद से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा थोपे गए पचास फीसदी टैरिफ कल से लागू हो गए। निस्संदेह, यह भारतीय आर्थिकी की सहनशक्ति हेतु अग्निपरीक्षा है। एक स्वतंत्र राष्ट्र के नाते भारत को अपनी संप्रभुता की रक्षा का अधिकार है। हमने दबाव में आए बिना चुनौती का मुकाबला किया है। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत तथा मेक इन इंडिया का उद्घोष किया है। सरकार ने फ्री ट्रेड के नाम पर भारतीय बाजार में खाद्यान्न व दुग्ध उत्पाद खपाने के अमेरिकी मंसूबों पर पानी फेरा है। भारत ने स्पष्ट किया है कि भारत किसानों, दुग्ध उत्पादकों और लघु उद्योगों के हितों से किसी तरह का समझौता नहीं करेगा। इसके बावजूद आशंका है कि नये टैरिफ लगाने का कपड़ा, चमड़ा व रत्न–आभूषण जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ेगा। जिसके चलते लाखों भारतीयों के रोजगार पर खतरा मंडरा सकता है। निस्संदेह, पचास फीसदी टैरिफ लगाए जाने से भारतीय उत्पादों की लागत में काफी वृद्धि हो जाएगी, जिसके चलते वहां उपभोक्ता अन्य देशों के सस्ते उत्पाद तलाश सकते हैं। दरअसल, इन टैरिफों से भारत की दोहरी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अमेरिका न केवल भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार है, बल्कि ऐसा साझेदार था, जिसके कारोबार का करीब 45 अरब डॉलर का अधिशेष भारत के पक्ष में था। वहीं दूसरे बड़े व्यापार साझेदार रूस व चीन के साथ हम व्यापार घाटे की स्थिति में हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस से सस्ता तेल आयात कर भारत द्वारा अर्जित मौद्रिक लाभ को अमेरिका निशाने पर ले रहा है। इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में भारत सरकार की तात्कालिक प्राथमिकताएं कपड़ा, चमड़ा और रत्न–आभूषण के लिये निर्यात खपाने वाले वैकल्पिक बाजारों की तलाश करना होना चाहिए। इसके अलावा प्रभावित व्यावसायों को वित्तीय सहायता प्रदान करके लाखों नौकरियों को बचाने की जरूरत है। साथ ही अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को पटरी पर लाने का प्रयास हो।दरअसल, भारतीय चिंता यह है कि नये टैरिफ से अमेरिका के साथ होने वाला 66 फीसदी निर्यात प्रभावित होने जा रहा है। ऐसी स्थिति में जब अमेरिका को होने वाले बीस फीसदी भारतीय निर्यात पर टैरिफ प्रभाव दिख रहा है,तो इसका असर भारतीय अर्थव्यस्था पर होना लाजिमी है। निर्यात में कमी आने से देश में बेरोजगारी बढ़ सकती है। चिंता की बात यह है कि टैरिफ से अधिक प्रभावित होने क्षेत्र सघन श्रम वाले हैं, जिससे लाखों रोजगारों पर असुरक्षा की तलवार लटक सकती है। स्थिति साफ है कि भारतीय उद्योग इस टैरिफ के बोझ को सहन करने की क्षमता नहीं रखते। वहीं दूसरी ओर, अमेरिका के टैरिफ युद्ध से यूरोप समेत दूसरे देश भी खासे प्रभावित हैं। जो भारतीय आर्थिकी की मुश्किल बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। हालांकि, प्रधानमंत्री सुधार, प्रदर्शन और बदलाव बढ़ाने का आह्वान कर रहे हैं, लेकिन भारत में बड़े पैमाने पर आर्थिक सुधारों की जरूरत है। हालांकि,मोदी सरकार ने जीएसटी सुधारों की बात की है, लेकिन इससे आगे बढ़कर बड़े व तत्काल सुधारों की जरूरत है। आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी उत्पादों को आर्थिक सुधारों से ही गति मिल सकती है। जो उद्योग टैरिफ से प्रभावित हो रहे हैं उन्हें तुरंत आर्थिक मदद की जरूरत है। खास कर एमएसएमई क्षेत्र को न्यूनतम दरों पर ऋण उपलब्ध कराने की जरूरत है। निर्यातकों को तुरंत मिलने वाली आर्थिक सहायता व करों में छूट मददगार हो सकती है।

# कार्यप्रणाली में सुधार के हों बेहतर प्रावधान

नितिन यादव

**नये खेल कानून में राष्ट्रीय खेल बोर्ड का गठन, चुनाव निगरानी तथा जनहित में केंद्र द्वारा कोई भी फैसला लेने का हक जैसे प्रावधान हैं। मकसद ओलंपिक मेजबानी पाने को खेल ढांचों को चुस्त-दुरुस्त व विनियमित करना है। बेहतर होता यदि नये कानून से खेल प्रदर्शन में सुधार के साथ महिलाओं के लिए समानता यकीनी बनती।हाल ही में संसद ने राष्ट्रीय खेल बिल पास किया, जो राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद अब कानून बन चुका है। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे गत 23 जुलाई को लोकसभा में पेश किया था। इसका संदर्भ 2036 में देश में ओलंपिक आयोजन की मेजबानी पाने के लिए अपने खेल ढांचों को चुस्त-दुरुस्त व विनियमित करना बताया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय खेल बोर्ड का गठन, राष्ट्रीय न्यायाधिकरण का गठन, चुनाव की निगरानी तथा जनहित में केंद्र सरकार द्वारा किसी भी समय कोई भी फैसला लेने का हक अपने हाथ में लेना आदि प्रावधान किए गए हैं।**



निस्संदेह, हमारे खेल ढांचों, इनकी कार्यप्रणाली तथा खेल संचालन में अत्यधिक सुधारों की जरूरत थी, मगर शायद ही वर्तमान विधेयक इन उद्देश्यों की पूर्ति करे। जहां बुनियादी तौर पर खेल जगत के शासन–प्रशासन में कई कमियां प्रतीत होती हैं वही ओलंपिक में हमारा खेल प्रदर्शन भी संतोषजनक नहीं है। बेहतर होता कि उस पहलू का संबोधन इस कानून में किया जाता। तय है कि सुविधाओं व संसाधनों के वर्तमान स्तर से तो मेडल टैली में सुधार की अपेक्षा नहीं की जा सकती। कम से कम जिन महत्वपूर्ण प्रगति उन्मुख बिंदुओं को पूर्व में नोट करते आ रहे थे, उनका संबोधन तो इस बिल के माध्यम से होना ही चाहिए था।

उदाहरण के तौर पर रियो ओलंपिक में जब देश ने केवल दो मेडल जीते, उनका श्रेय महिलाओं को ही गया। पीवी सिंधु ने बैडमिंटन में सिल्वर तथा साक्षी मलिक ने कुश्ती में कांस्य जीता। तब प्रधानमंत्री ने स्वयं कहा था कि अब हम अपने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' नारे में 'बेटी खिलाओ' भी जोड़ते हैं। उसके बाद भले उस नारे को भुला दिया गया हो, मगर बेटियां खेल में बेहतर प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं। नारे पर कार्रवाई तो दूर की बात थी, जो हकीकत में बेटियों के साथ हुआ, उसको लेकर 2022–23 में जंतर–मंतर पर महिला खिलाड़ियों के आंदोलन का भी देश गवाह बना। खेल संचालन के जिम्मेदार पदों पर बैठे पदाधिकारियों के आचरण ने समाज व अभिभावकों के दिमाग में खेलों में बेटियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए।

इससे निराशा ही फैली जिसे छांटने का यह सही मौका था।बेहतर होता यदि खेल शासन–नियमन में ग्लोबल स्तर पर महिलाओं को खेलों में हर स्तर पर समानता व सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली वैधानिक व्यवस्थाओं को इस विधेयक का हिस्सा बनाते।

ऐसा करके देश का मनोबल बढ़ाने वाला संकेत देना चाहिए था।

चीन, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, मेक्सिको, न्यूज़ीलैंड, रवांडा, स्वीडन आदि देशों ने खेलों के शासन व भागीदारी में महिलाओं के संदर्भ में समयबद्ध लक्ष्य तय किए हैं। उन्हें लागू करने के लिए उच्च स्तरीय व जवाबदेह समितियां बनाई गई हैं। अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा इन लक्ष्यों को हासिल करने में आने वाली चुनौतियों को भी स्पष्टता के साथ चिन्हित किया गया है। जबकि हमारे कानून में मात्र दो पंक्तियां लिखकर पल्ला झाड़ लिया गया।

ऐसे मौकों पर विश्वस्तरीय उदाहरणों का लाभ न लेना नीति निर्धारकों व ज़मीनी स्तर पर महसूस की जाने वाली जरूरतों में अलगाव ही इंगित करता है। हालांकि सभी खेल संघों को आरटीआई के दायरे में लाना अच्छा कदम है। लेकिन क्रिकेट को इस आधार पर बाहर रखना कि वह सरकार से आर्थिक ग्रांट नहीं लेते, हकीकत से परे लगता है। वे तमाम खेल संरचनाओं व संसाधनों का भरपूर प्रयोग करते हैं। बाकी खेल संघों की भी आर्थिक स्थिति बराबर नहीं है, तो क्रिकेट को विशेष दर्जा क्यों? उसे जवाबदेह व पारदर्शी क्यों नहीं बनाया जाए?

संविधान की 7वीं सूची में खेल का विषय राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आता है। परंतु हमेशा कोशिश रही है कि इन्हें केंद्रीय सूची में लाया जाए, वरना कम से कम समवर्ती सूची में तो ले ही आएं। मगर वर्ष 1975 से इस मुद्दे पर मुख्य राजनीतिक दलों में भिन्न मत रहे हैं। इसी वजह से 2001 में स्पोर्ट्स कोड बनाया गया। लेकिन ताजा सिलसिला खेल ढांचों पर केंद्रीय नियंत्रण सुनिश्चित करना इंगित करता है।

बेहद शक्तिशाली राष्ट्रीय खेल बोर्ड व चुनाव पैनल का गठन संघीय ढांचे पर भी चोट है।

इसके अलावा केंद्र सरकार ने जनहित के नाम पर किसी भी समय, किसी भी मुद्दे को अपने हाथ में लेने की शक्ति से भी स्वयं को लैस कर लिया है। इस बिल को नैतिकतापूर्ण व पारदर्शी शासन सुनिश्चित करने वाला कहा गया।खेल जैसे मुद्दे की अहमियत को देखते हुए बिल संसदीय समिति के पास भेजा जाना चाहिए था।

मगर अब जब 2036 ओलंपिक की मेजबानी का दावा पेश करना है, तो इस मौके पर खेलों को मुख्यधारा में ले जाने का लक्ष्य भी

सूची में शामिल रहना चाहिए।

इस एक्ट को और समावेशी व व्यापक बनाने के रास्ते लगभग बंद किए जा चुके हैं, तो ऐसे में राज्य सरकारों व खिलाड़ी समुदाय से ही उम्मीद बचती है। उन्हें अपने संवैधानिक अधिकार क्षेत्र को बचाने के लिए हस्तक्षेप की रणनीति बनानी चाहिए व ऊपर दिए गए पहलुओं को अपनी खेल नीतियों का हिस्सा बनाना चाहिए।

## राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा

# वोट अधिकार यात्रा-चोर मचाए शोर वाली कहावत..!

राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी

पंकज सीबी मिश्रा

**लोग अक्सर कहते थे कि, यह आदमी लाल किले की प्राचीर से बोलने लायक नहीं है ! इसमें वह करेंट नहीं जो इनके बाप में थी और गंभीरता तो बिल्कुल नहीं है, जिसकी अपेक्षा की जाती है ! इनकी भाषा चुनावी टोन से आगे नहीं जा पाती ! कोसना , कलपना चारित्रिक गुणों की तरह व्यक्तित्व में समाये हुए है। मै उन भाग्यशाली लोगों में शामिल हु जिसने इनका एक भी भाषण लाईव नहीं सुना , न ही कभी बकवास सुनने में समय जाया करने की इक्षा है । सोशल मीडिया पर चर्चा है कि इन्होने आज देश को वोट चोरी के खुलासे की यंत्रणा दी , काफी उबाऊ , थकाऊ टाइप का अभियान भी चलाएंगे पैदल यात्रा के रूप में , जिसका अंडर करंट दिमाग में चल रही चुनावी खब्त ( बिहार और फिर यूपी ) को दर्शा रहा । देश इनसे कांग्रेस का नाम सुनना चाहता , चाइना का नाम सुनना चाहता है , वोट चोरी पर स्पस्टीकरण चाहता था लेकिन ये मियां मोदी से आगे नहीं निकल पाए।**



शिक्षा , रोजगार , स्वास्थ पर सरकार को कोसना वैसे भी कभी इनकी प्राथमिकता में नहीं रहे, बिहार में भी नदारद !

हाँ बासी कड़ी में उबाल देने के लिए संघ को कोसना और तिरंगे का सम्मान ना करना ये इनडायरेक्टली बताते है कि इनके पूर्वज मुस्लिम भी थे। इल्जाम बेअसर हो रहे है ! फेक्ट चेकर इनका मुंह खुलते ही सक्रिय हो रहे है , लगभग हर दांव उल्टा पड़ रहा है – शास्त्रों में इसे सम्पूर्ण अंत की शुरुआत भी कहा जाता है ! सूत्रों से खबर है कि यही प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी अपने इंडिया के साथियों के साथ सासाराम जिले के रोहतास से पटना तक सोलह दिनों में लगभग 1300 किमी की पदयात्रा के माध्यम से वोटर के वोट चोरी के ख़िलाफ़ 17अगस्त से शुरू आत करने जा रहे हैं। यह प्रयास अपने आपको दूध का धुला बताने का है । एनडीए अपने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन की घोषणा कर चुकि है । इसकी गंभीरता हम समझ सकते हैं। वोटर अधिकार यात्रा को बिहार में समर्थन के नाम पर वही पुरानी चापलूसी मिला है वह इंगित कर रहा है कि बिहार एक बार फिर जनक्रांति के नाम पर ठगे जाने वाला है। विदित हो यह 16 दिवसीय पदयात्रा तकरीबन 23 जिलों से गुजरेगी तथा एक सितम्बर को पटना के गांधी मैदान में समाप्त होगी।

बिहार में सूत्रों कि माने तो कहा जा रहा है चुनाव आयोग ने जिस तरह नकेल कस दी है उसमें प्रतिपक्ष नेता बौखला गए है और आम जनता के बीच पहुंच वोट चोरी की झूठी शिकायतों और झूठा प्रचार, बेबुनियादी राजनीति को केवल चुनावी स्टंट बताया गया। चोरी और सीनाजोरी वाले इस रवैए ने विपक्ष में चुनाव आयोग की कटु आलोचना को बढ़ावा दिया है। सबसे बड़ा मज़ाक तो यह किया गया कि देश की बहू, बेटियों, मां–बहनों के सीसीटीवी फुटेज दिखाने की मांग की गई है। अखबारों में और टीवी में वे दिखाया जा रहा है जो सच है लेकिन साथ हुए लोकतंत्र की हत्या और वोट चोरी के फर्जी इल्जाम आप यू नहीं देख सकते। अजी कब तक पर्दे में रहस्य रखोगे। पीएम मोदी को अनाप शनाप भाषा बोलोगो। शर्म करो,यह सफाई नहीं अपने देश की सरकार की तौहीन है। सुप्रीम कोर्ट को क्या 65लाख लोगों की सूची भेज उसे सार्वजनिक भी तो कर दिया। कब तक झूठ का दामन पकड़े रहोगे। देश जाग रहा है संभावना है कहीं आप और गर्त में ना चलें जाए। यह पहली बार हुआ है जब चुनाव आयोग जनता के आरोप वोट चोरी की जांच को उठाते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस को अपने सीधे सच्चे आचरण के बारे में बता राहुल की पोल खोल गया।

जबकि यह भली–भांति ज़ाहिर है कि राहुल पूर्व वित्तमंत्री पी चीदंबराम की खोज है। जब आप चुनाव आयोग पर आरोप लगते हैं तो आपकी राजनीति दो टके की हो जाती है। आपके वे साथी टूट पड़ते झूठे आरोप लगाने। यह तो वे ही करते हैं जिन्हें पोल खुलने का ख़तरा रहता है। उसकी निष्पक्षता के क्या कहने जो मोदी के भाषणों की समाप्ति के बाद जनता को गाली बकना शुरू कर दें। लोकतंत्र ही चुनाव की घोषणा करता है। चुनाव आयोग और सरकार मिलकर चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करते है । हमारे वोट के अधिकार की चोरी और उसको छुपाने का प्रयास कभी कोई नहीं कर सकता है फिर इल्जाम क्या ! लेकिन अब कांग्रेस के ख़िलाफ़ जन्मा आंदोलन रुकने वाला नहीं।

जनता जनार्दन को चाहिए सबसे पहले वह ईवीएम का विरोध करने वालों को हर उस स्टेट से हटवाए जहाँ वो देश विरोधी गतिविधि कर रहे। दूसरा चुनाव आयोग के कार्यों में नेताओ के हस्तक्षेप को बंद कराये। जागो,वरना लोकतंत्र के हत्यारे आपसे यात्रा करवाकर आपका लोकप्रिय नेता चुनने का अधिकार भी धीरे–धीरे ज़मींदोज़ कर देंगे। जनता की शक्ति बनी रहे। इसलिए न्याय पाने लड़ें बिना लड़े कुछ हासिल नहीं होगा। खासकर जब क्रूर और असंवेदनशील विपक्ष के साए में हम सब हों।

दरअसल ये शब्द हाल ही में नया चलन में आया है। मामला कुछ यूँ समझिये कि विपक्ष को जब ये महसूस हुआ कि चुनाव में हार रहे है तो उन्होंने चुनाव आयोग से कुछ दस्तावेज मुहैया करवाने का अनुरोध किया जो लोकतंत्र की अवमानना है। उधर चुनाव आयोग जिसे कुछ लोग चूना आयोग तो कुछ लोग केंचुआ भी कहते हुए नजर आते हैं, ये वो लोग है जो संविधान की लाल किताब लहराते है। और अंततः विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी और आते ही पहली ही गेंद को लंबा बाउंसर वो भी वाइड बॉल फ़ेंकी, इस ताबड़तोड़ बौलिंग को देखकर जनता सकते में आ गई, उसे उम्मीद नहीं थी कि विपक्ष इतनी जल्दी ऐसा बॉउंसर ले आएगा। जब विपक्ष ने उन कागजों को नहीं दिखाया जो चुनाव आयोग ने दिए थे लोग सवाल पूछने लगे कि कही चोर मचाए शोर वाली बात तो नहीं।

फिर शुरू हुआ फर्जी हवा चलाने कि कोशिस कि कोई आदित्य श्रीवास्तव चार राज्यों में वोट डाल रहा है तो कहीं एक मकान में 80 लोग रह रहे हैं, तो कहीं एक लाख से अधिक फर्जी वोट पाए गए, तो कहीं ऐसे मकान और एड्रेस थे जो वास्तव में कहीं थे ही नहीं। विपक्ष ने मांग की कि उन्हें डिजिटल डेटा दिया जाए, मगर चुनाव आयोग जानता था कि ऐसा करने पर पारदर्शिता ख़त्म हो जाएगी। लिहाजा डिजिटल डेटा देने के बजाय जो उपलब्ध था वो भी वेबसाइट से हटा दिया गया। और राहुल गाँधी को ही कह दिया कि आप शपथ पत्र दीजिये। अब राहुल सकते में है। संविधान ने भारत में भारतीय नागरिकों को व्यस्क मताधिकार का अधिकार दिया है। जिसकी उम्र 18 वर्ष या अधिक है उसे बिना जाति, धर्म, लिंग का भेद किए, चुनाव का अधिकार होगा। लेकिन वही अधिकार अब सड़को पर नीलाम होने लगे तो लोकतंत्र और संविधान के क्या मायने रह जाएंगे। हालांकि इस गंभीर मुद्दे पर मीडिया को राहुल से सफाई मांगनी चाहिए थी, लेकिन मीडिया का कहना है कि वे राहुल को गंभीरता से नहीं लेते और सवाल करने का कार्य फिलहाल छोड़ चुके हैं अब एक बार छोड़ा गया कार्य वापस पकड़ना मुश्किल है।





## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओ के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 8423454502,

bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बीपीएस न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

- संपादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

संपर्क करें -:मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# 31 अगस्त दिन रविवार को श्री गुरूनानक देव जी के विवाह पूरब को समर्पित विशाल नगर कीर्तन



» बीपीएस न्यूज

कानपुर गुरुद्वारा बाबा नामदेव समिति कानपुर कक्षत्रिय टांक सभा, बाबा श्रीचन्द्र गुरुद्वारा कमेटी, सिक्ख पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 31 अगस्त दिन रविवार को श्री गुरूनानक देव जी के विवाह पूरब को समर्पित विशाल नगर कीर्तन श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में पंज प्यारों की सरपरस्ती में सांयकाल 4 बजे गुरुद्वारा बाबा श्री चन्द्र गोविन्द नगर से आरम्भ होगा जो कि नटराज टॉकीज, दुर्गा मन्दिर, गोविन्द नगर मार्केट होते हुए चावला मार्केट, बिल्डिंग मार्केट, धर्मकांटा, जूही डिपो होते हुए सांयकाल 07-30 बजे गुरुद्वारा बाबा नामदेव, बारादेवी पहुंचेगा। इस विशाल नगर कीर्तन में गतका प्रदर्शन व कानपुर के स्त्री सत्संग के कीर्तनी जत्थे, बैण्डबाजे, गुरूनानक नामलेवा संगत बड़े पैमाने पर हर साल की तरह खुशियाँ मनाते हुए बाबा नामदेव जी में आयोजित विशेष संगत जोड़ मेले में अपनी हाजिरी भरेंगे व गुरू महाराज की खुशियाँ प्राप्त करेंगे।सरदार नीतू सिह,अशोक अरोड़ा,चन्द्र ईरानी अमरजीत पम्मी कुलवंत सिंह आदि लोग रहे।

# वार्ड 3 चुन्नीगंज पार्षद इशरत अली के प्रयासों से क्षेत्रीय लोगों को गड्ढा मुक्त सड़के मिलेंगी



कानपुर,सीसामऊ विधानसभा वार्ड 3 चुन्नीगंज पार्षद इशरत अली के प्रयासों से वार्ड 3 चुन्नीगंज पार्षद इशरत अली के प्रयासों से क्षेत्रीय लोगों को गड्ढा मुक्त सड़के मिलेंगी 96/5 स्थित जर्जर सड़क का शिलान्यास विधायक नसीम सोलंकी एवं महापौर प्रमिला पांडे द्वारा कराया गया ।क्षेत्र के सभी सम्मानित युवा, बुजुर्ग, नौजवान साथी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम मे उपस्थित पार्षद प्रतिनिधि ज़रताब ज़ाका, सीसामऊ विज़्स अध्यक्ष आसिफ क़ादरी,अकील अहमद, वार्ड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार दानिश मोइन, शानु खान, बब्लू खान,ऐजाज खान, एव क्षेत्रीय वासी उपस्थित रहे ।

# कनपुरिया रंगमंच तलाश रहा फिर शिखर के लिए अवसर, कभी सिनेमा से ज्यादा सुर्खियां, सीटियां और तालियां बटोरता था नाटकों का मंचन



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। आजादी के पहले फूलबाग स्थित केईएम हॉल में ब्रिटिश अफसर अंग्रेजी नाटकों का मंचन करते थे, आज वीरान पड़ा है। मर्चेंट चेंबर आडिटोरियम, लाजपत भवन या रागेन्द्र स्वरूप सेंटर फॉर परफार्मिंग आर्ट्स प्रेक्षागृह सभी जगह पहले की तरह नाटकों का मंच नहीं सजता है। लेकिन इन परिस्थितियों के बावजूद उम्मीद की किरण जगा रही है 2005 से सक्रिय संस्था अनुकृति रंगमंडल जो 'गिरिजा के सपने', 'मुख्यमंत्री', 'बकरी', 'जांच पड़ताल', 'मोटेराम का सत्याग्रह' जैसे 35 से ज्यादा नाटकों के 50 से अधिक शहरों में शो कर चुकी है। अनुकृति से जुड़ी 'सिग्नेचर प्ले पुरुष', 'एक मामूली आदमी', 'टेररिस्ट की प्रेमिका', 'कोई एक रात' व 'सच कहें तो', में केन्द्रीय भूमिका निभाने वाली युवा रंगकर्मी संध्या सिंह कानपुर में थिएटर के भविष्य को लेकर आशान्वित हैं, दर्शकों का रुझान एक बार फिर रंगमंच की तरफ लौट रहा है। कभी नाटकों के लगातार हाउसफुल शो का रिकार्ड बनाने वाला और महानायक अमिताभ बच्चन अभिनीत 'दो और दो पांच', '

मिस्टर नटवरलाल', 'याराना' समेत दो दर्जन से अधिक फिल्मों के स्क्रिप्ट राइटर ज्ञानदेव अग्निहोत्री के शहर कानपुर का रंगमंच आज ओटीटी जैसी चुनौतियों के बीच एक बार फिर मजबूती से रंगमंच के राष्ट्रीय फलक पर

अपनी पहचान बनाने में जुटा है।1942 में पीपीएन कॉलेज ग्राउंड में आयोजित इप्टा के राष्ट्रीय सम्मेलन में बलराज साहनी यहां आये थे, वरिष्ठ रंगकर्मी राधेश्याम दीक्षित के अनुसार तब उन लोगों ने कृष्ण चंदर का नाटक

'कुत्ते की मौत' किया था। इसके कुछ साल बाद सोहराब मोदी ने नाटक 'झांसी की रानी' किया। 1945 में देश की जानी मानी है।

पृथ्वी थिएटर कंपनी बंबई से अपने सुपरहिट नाटक 'दीवार', 'पठान', 'पैसा और शंकुतला' लेकर कानपुर आई। आर्य नगर के बड़े मैदान (अब गैंजेस क्लब) में हुए इन नाटकों में पृथ्वीराज कपूर का शानदार अभिनय देखकर हजारों की भीड़ मंत्रमुग्ध रह गई थी।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर बुजुर्गों एवं दिव्यांगों में मिलेंगे नि:शुल्क उपकरण

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पार्टी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करेगी। पीएम मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे जिसके जिले बुधवार को किदवई नगर साईट नंबर वन चौराहे के निकट भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह के मातादीन पेट्रोल पंप पर पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं विधायक महेश त्रिवेदी ने फीता काटकर पंजीकरण शिविर का शुभारंभ किया।

भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया।

शिविर में मौजूद भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण



निगम (एलिम्को) की 8 सदस्यीय टीम द्वारा परीक्षण कर 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 246 बुजुर्गों एवं दिव्यांगों का नि: शुल्क पंजीकरण किया गया। जिन बुजुर्गों के पास आय प्रमाण पत्र नहीं थे मौके पर मौजूद क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा मौके पर ही तत्काल आय प्रमाण पत्र बनाए गए। इन सभी को पीएम मोदी के जन्मदिन पर नि :शुल्क उपकरण वितरित किए जाएंगे

भाजपा दक्षिण जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी के मुताबिक गुरुवार को छावनी विधानसभा में श्याम नगर में पार्षद निर्देश सिंह चौहान के कार्यालय और रेलबाजार मैदान में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम

(एलिम्को) द्वारा दिव्यांग उपकरण पंजीकरण शिविर लगाया जाएगा। यहां एलिम्को की टीम प्रातः साढ़े नौ बजे से सायं पांच बजे तक पंजीकरण करेगी।

60 वर्ष के बुजुर्गों के लिए केवल आधार कार्ड और दिव्यांगों के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र आवश्यक है ।प्रमुख रूप से रघुनंदन भदौरिया, गणेश शुक्ला, जसविंदर सिंह,मनीष त्रिपाठी, बिट्टू परिहार, विनीत दुबे,दीपांकर मिश्रा दीपू पासवान,पार्षद डॉ अखिलेश बाजपेई, गिरीश बाजपेई,सुधीर यादव ,निक्कू तिवारी, सुनील कन्नौजिया, आदि मौजूद रहे।

# भारतीय न्याय व्यवस्था के विपरीत और वादकारी विरोधी अधिसूचना को वापस ले केंद्र सरकार: पं रवीन्द्र शर्मा

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर कोर्ट में दिल्ली के अधिवक्ताओं की कई दिनों से चल रही हड़ताल पर बोलते हुए

पंडित रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने बताया कि दिल्ली के एल जी द्वारा 13 अगस्त को अधिसूचना जारी की गई की पुलिस के अधिकारियो और कर्मचारियों की गवाही निश्चित किए गए थानों में वीडियो कांफ्रेंसिंग से होगी। इससे गवाही हेतु पुलिस को अदालत नही आना होगा। यह अधिसूचना वादकारी का हित सर्वोच्च सिद्धांत के खिलाफ होने के साथ ही भारतीय न्याय व्यवस्था के भी विपरीत है इस जनविरोधी अधिसूचना के विरोध में दिल्ली के अधिवक्ता निरंतर हड़ताल पर हैं हमारा मानना है कि इस अधिसूचना के द्वारा केंद्र सरकार पुलिसिया राज कायम करना चाहती है थानों में पुलिस की गवाही से सही और निष्पक्ष न्याय नही हो पाएगा। पुलिस जिसे चाहेगी उसे बंद करेगी और अपने थानों में ही बैठकर गवाही दे जिसे चाहेगी उसे सजा कराएगी जो हमारी अधिवक्तावृत्ति को सीधे सीधे प्रभावित करेगा और एक प्रकार से थानों से ही निर्णय होने लगेंगे जो भारतीय न्याय व्यवस्था के विपरीत है ।हमारा यह भी मानना है कि अभी इसे दिल्ली में प्रयोग के तौर पर लाया गया है यदि सफल हो गए तो फिर पूरे देश में लाया जाएगा। यह अधिसूचना अधिवक्ता वृत्ति पर भी विपरीत प्रभाव डालेगी ।प्रमुख रूप से अनुराग श्रीवास्तव पूर्व महामंत्री बार एसोसिएशन भानू प्रताप द्विवेदी द्वारिका नाथ त्रिवेदी देवी ।प्रसाद मिश्र संजीव कपूर नूर आलम आयुष शुक्ला शिवम गंगवार शुभम जोशी इंद्रेश मिश्रा मो फैजान प्रियम ऋषभ मिश्रा वीर जोशी के के यादव आदि रहे।



# कानपुर के दीनू गैंग का इनामी वेश बदलकर कोर्ट में हाजिर, पगड़ी पहन पुलिस को दिया चकमा

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। दीनू उपाध्याय गैंग का 50 हजार का इनामी दीपक जादौन मंगलवार को पुलिस को चकमा देकर कोर्ट में हाजिर हो गया। पुलिस तेजी से उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस की पकड़ से बचने के लिए दीपक ने पगड़ी पहनकर सरदार का रूप धरा। इस कारण कचहरी परिसर में तैनात पुलिस कर्मी उसे पहचान नहीं सके। फरार चल रहे दीपक के परिजनों पर क्राइम ब्रांच की टीम लगातार दबाव भी बना रही थी और ठिकानों पर दबिश भी दे रही थी। पिंटू सेंगर की हत्या में सोनभद्र जेल में बंद दीनू उपाध्याय गैंग के रवि पांडेय और दीपक जादौन के खिलाफ कुछ दिन पहले ही पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की थी। उससे पहले पुलिस ने उसके घर पर कुर्की की कार्रवाई को लेकर नोटिस चस्पा किया था। इसके साथ ही उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज कर दी थी। लेकिन फरार चल रहा दीपक पकड़ में नहीं आया। उसके लगातार लोकेशन बदलने से पुलिस परेशान रही। दीपक बर्रा इलाके का रहने वाला है। पुलिस की धरपकड़ व छापेमारी तेज होने पर से परेशान होकर दीपक परिवार के साथ मुंबई चला गया था। क्राइम ब्रांच की टीम लगातार दीपक के परिवार पर दबाव बना रही थी। मंगलवार को दीपक सरदार की पगड़ी पहनकर कचहरी पहुंचा। वेश बदला होने के कारण कोर्ट परिसर में मौजूद पुलिसकर्मी उसे पहचान नहीं सके। इसी का फायदा उठाकर दीपक कोर्ट में हाजिर हो गया।

दीनू के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस को कई शिकायतें मिली थीं। शिकायतों के आधार पर दीनू के खिलाफ पांच से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए। मौजूदा समय में दीनू सोनभद्र जेल में बंद हैं।

# गोशालाओं में छायादार वृक्षों का किया जायेगा व्यापक वृक्षारोपण-अध्यक्ष

» बीपीएस न्यूज

आजमगढ़। अध्यक्ष, उ0प्र0 गौ सेवा आयोग श्याम बिहारी गुप्ता ने सर्किट हाउस आजमगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि वर्तमान में प्रदेश की लगभग 7717 गोशालाओं में 12 लाख 58 हजार गोवंश संरक्षित हैं। इन गोशालाओं को प्रशिक्षण केन्द्रों के रूप में विकसित कर प्राकृतिक कृषि, बायो गैस ऊर्जा एवं पंचगव्य उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण और रोजगार मिल सके। उन्होने कहा कि मण्डल स्तरीय गोआधारित प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उन्होने कहा कि चारागाह भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर उसे गोवंश के लिए चारा उत्पादन हेतु उपयोग में लाया जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि आईजीएफआरआई झांसी के माध्यम से बहुवर्षीय और मौसमी चारे का उत्पादन और प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। गोशालाओं में छायादार वृक्षों (बरगद, नीम, पीपल, सहजन आदि) का वृक्षारोपण व्यापक रूप से किया जाएगा। उन्होने कहा कि सीमावर्ती जनपदों में गो–तस्करी रोकने हेतु एडीजी स्तर और जनपद स्तर पर एएसपी स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। उन्होने कहा कि समस्त सम्बन्धित विभागों के समन्वय से गोशालाओं को स्वावलम्बी बनाया जाएगा। हरे चारे की अनिवार्यता और वास्तविक गो गणना का पारदर्शी सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। गोमूत्र एवं गोबर आधारित स्थानीय प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना, बायोगैस प्लांट का विस्तार तथा किसानों को गोपालन हेतु प्रेरित करने के अभियान को तेज किया जाएगा। मॉडल किसानों के नवाचारों को अपनाने हेतु स्थलीय यात्राएं कराई जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर जैविक/प्राकृतिक कृषि को बल मिले। पंचगव्य उत्पादों एवं जैविक/प्राकृतिक खेती से जुड़े कार्यों में स्थानीय युवाओं, महिला स्वयं सहायता समूहों/ जागरूक जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा के तहत पक्का कैटिल शेड, गोमूत्र टैंक का निर्माण कराया जाये, जिससे कि गोमय, गोमूत्र का उपयोग कर गो आधारित प्राकृतिक खेती की जा सकती है एवं पंचगव्य उत्पादो का निर्माण किया जा सके। उन्होने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के तहत कृषक यदि निराश्रित गोवंश को लेता है तो उसे रू0–50/प्रति गोवंश/प्रति पशु की दर से मासिक रू0–1500 सहायता अनुदान दिया जाएगा। अधिकतम् एक लामार्थी द्वारा 04 गोवंश लिए जा सकते है। जिससे लाभार्थि को 6 हजार रूपयें मासिक साहयार्थ अनुदान प्राप्त होगा।

उन्होने कहा कि वृहद गोसंरक्षण केन्द्र एवं अस्थायी गोआश्रय स्थल को संचालन स्वयं सेवी सहायता समूहों/एफ0पी0ओ0/कृषक संगठन/संस्थाओं कृषक द्वारा शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुसार एमओयू के माध्यम



से किया जा सकता है। मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा प्राकृतिक कृषि को अपनाने हेतु नेचुरल मिशन फॉर नेचुरल फार्मिंग प्रारम्भ किया गया है, जिसमें विभिन्न क्लस्टर्स के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे कि रसायन मुक्त/विषमुक्त भोजन आम जनमानस को प्राप्त हो सके। उन्होने बताया कि 25 करोड़ आबादी वाले उत्तर प्रदेश में लगभग 03 करोड़ कृषक परिवार हैं एवं गोवंश की सख्या लगभग 177.83 लाख है। मा0 प्रधानमंत्री जी तथा मा0 मुख्यमंत्री जी की अपेक्षा के अनुसार प्रत्येक कृषक परिवार के पास यदि एक गोवंश हो, तो लगभग 1.10 करोड़ अतिरिक्त गोवंश की आवश्यकता होगी। इस प्रकार कृषक परिवार गोबर व गोमूत्र के माध्यम से प्राकृतिक कृषि की ओर अग्रसर हो सकेंगे एवं गोवंश निराश्रित भी नहीं होगें। आयुर्वेद के ग्रन्थों में वर्णित स्वदेशी गोवंश के दुग्ध दही के सदुपयोग चिकित्सकीय उपयोग के माध्यम से पंचगव्य आयुर्वेद को सम्पूर्ण देश में प्रसिद्धि मिल रही है। गोवंश के नस्ल सुधार एवं स्वदेशी नस्ल संवर्धन के कार्यक्रम अति आवश्यक है। अध्यक्ष ने कहा कि समस्त सम्बन्धित विभागों के सहयोग से गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना है।, ग्राम आधारित सतत् विकास मॉडल तैयार किये जाएंगे। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग संकल्पबद्ध है कि गोसेवा केवल दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण का माध्यम बने। यह आंदोलन अब रूकने वाला नहीं–यह हर गांव, हर किसान और हर युवा/महिला स्वयं सहायता समूहों की साझेदारी से नई दिशा पायेगा। इस अवसर पर मा0 उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग श्री जसवंत सिंह एवं श्री महेश कुमार शुक्ला, गौ सेवा आयोग के मा0 सदस्यगण श्री राजेश सिंह सेंगर, एडी पशुपालन विभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 मुकेश कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# उन्नाव में टाउनशिप के नाम पर 15 लोगों से आठ करोड़ की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। उन्नाव में टाउनशिप के नाम पर 15 से अधिक लोगों से पांच करोड़ रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। कोहना पुलिस ने आर्यनगर के बिल्डर तरुण गोयल ने श्यामनगर के पति-पत्नी और आर्यनगर निवासी अधिवक्ता सनवीर वर्मा के खिलाफ गुरुवार को कोहना थाने में जालसाजी, जान से मारने की धमकी, रंगदारी मांगने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। उसकी पत्नी और सनवीर की तलाश जारी है।

डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि ऑपरेशन महाकाल के अंतर्गत कई शिकायतें आ रही हैं। इसमें से नौ ऐसी शिकायतें आईं, जिसमें उन्नाव के मरहला चौराहे के पास टाउनशिप में आवासीय प्लॉट देने के नाम पर कई लोगों से जालसाजी की गई है। एडीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार पांडेय, एसीपी




कर्नलगंज अमित चौरसिया के साथ शिकायतों की जांच की गई, जिसमें आरोपियों ने एक ही तरह से वारदात को अंजाम दिया है।आरोपी पति ने फरवरी 2025 में तरुण गोयल, उनके भाई अनिल और चालक के खिलाफ चकेरी में अपनी पत्नी से छेड़छाड़ की एफआईआर कराई थी। तीनों को रुपये देने के लिए घर बुलाया गया था। इसी तरह अन्य शिकायतों में भी कुछ ऐसा ही घटनाक्रम सामने आया। सभी की जांच की जा रही है। प्रदीप को गुरुवार की दोपहर 12:25 बजे वेंडी तिराहे से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे जेल भेज दिया गया।

तरुण गोयल ने गुरुवार को कोहना थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि आरोपियों ने कम दाम पर आवासीय प्लॉट का प्रलोभन दिया था। उन्होंने 2020 में उसे 25 लाख रुपये दिए थे। आरोपी पति और उसके साथी अधिवक्ता सनवीर वर्मा ने सेल डीड (एक कानूनी दस्तावेज) की जगह उन्नाव सब रजिस्ट्रार कार्यालय में एग्रीमेंट टू सेल कराया। बाद में एग्रीमेंट के खिलाफ उन्नाव कोर्ट में रद्दीकरण का वाद दाखिल कर दिया।

इसके बाद न रुपये दिए और न ही प्लॉट पर कब्जा दिया। फिर से 70 लाख रुपये की आवश्यकता बताकर दूसरी जगह जमीन देने की बात कही। भरोसा करके वर्ष 2023 में दोबारा 20 लाख रुपये दे दिए। इसके बावजूद उन्हें कोई जमीन नहीं मिली। तरुण के मुताबिक फरवरी 2025 में भाई और चालक के साथ आरोपी दंपती के घर अपने 45 लाख रुपये लेने गए, जहां आरोपी ने अपनी पत्नी से उनके खिलाफ छेड़छाड़ के आरोप में एफआईआर दर्ज करा दी थी।तरुण गोयल, काहूकोठी निवासी दवा व कपड़ा कारोबारी श्याम अग्रवाल, लाठी मोहाल निवासी प्लाईवुड कारोबारी विनीत जैन ने बताया कार्रवाई के लिए कई बार पुलिस और अन्य अधिकारियों से शिकायत की। कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्नाव पुलिस से भी शिकायत की गई, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

# जेल भेजे गए पूर्व एडीजीसी को चार दिन में मिली जमानत, रिहा



कानपुर। ऑपरेशन महाकाल के तहत भूमाफिया बताकर रविवार को जेल भेजे गए पूर्व एडीजीसी क्राइम श्यामनगर निवासी अवध बिहारी यादव को अपर जिला जज चतुर्थ शुचि श्रीवास्तव की अदालत से जमानत मिल गई है। कोर्ट ने एक-एक लाख रुपये की दो जमानतें व निजी मुचलका दाखिल करने पर अवध की रिहाई के आदेश कर दिए। आदेश मिलते ही अवध की ओर से दो जमानतें भी दाखिल कर दी गईं जिसके बाद देर शाम अवध की जेल से रिहाई हो गई।

गोपालनगर निवासी देवेंद्र सिंह ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि उनकी पीएसी मोड़ पर मारबल की दुकान है। देवेंद्र ने आनंदनगर कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी से 200 वर्गगज का एक प्लॉट वर्ष 2017 में खरीदा था। प्लॉट पर निर्माण कराया जा रहा था तभी अधिवक्ता अवध बिहारी यादव अपने बेटे विशाल व साथी संजय कुमार के साथ आए और निर्माण कार्य रोककर पांच लाख रुपये रंगदारी मांगी। जमीन को अपना बताकर जबरन ज्ञान नगर हाउसिंग सोसाइटी का बोर्ड लगा दिया।



# कानपुर मेयर का आदेश, 1 वर्ष से अधिक के जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र 15 दिनों में जारी हो

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में मंगलवार को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों में हो रही देरी और अनियमितताओं को लेकर महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने जोनल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में महापौर ने स्पष्ट कहा कि सबसे अधिक शिकायतें जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों से जुड़ी आती हैं,

इन्हें समयबद्ध जारी करना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने निर्देश दिया कि 21 दिन से पूर्व के सभी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र 24 घंटे के भीतर जारी किए जाएं। वहीं, एक वर्ष तक पुराने प्रमाण पत्र 4 से 5 दिन में और 1 वर्ष से अधिक पुराने प्रमाण पत्र 10 से 15 दिन में हर हाल में जारी करने होंगे।

उन्होंने आदेश दिया कि प्रत्येक जोन में बोर्ड पर बिंदुवार लिखें कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु किन-किन प्रपत्रों की आवश्यकता है।

साथ ही, बोर्ड पर संबंधित जोनल अधिकारी का मोबाइल नंबर भी अंकित किया जाए, ताकि यदि कोई कर्मचारी अतिरिक्त दस्तावेज़ मांगे तो आवेदक तत्काल शिकायत कर सके। नगर आयुक्त ने सभी आवेदन ऑनलाइन फीड करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में यह भी तय किया गया कि 1 वर्ष से अधिक पुराने प्रमाण पत्रों की अनुमति हेतु लंबित प्रकरणों की सूची अपर नगर मजिस्ट्रेट स्तर पर सप्ताह में दो बार भेजी जाएगी।

इसके अलावा, प्रत्येक सप्ताह सभी जोन से रिपोर्ट तलब की जाएगी कि कितने आवेदन प्राप्त हुए, कितने निस्तारित हुए

और कितने लंबित हैं। नगर आयुक्त ने कहा कि यदि समयबद्ध निस्तारण होगा, तो अनियमितताओं और शिकायतों पर स्वतः अंकुश लगेगा।

बैठक में अपर नगर आयुक्त मो. अवेश, जगदीश यादव

समेत जोनल अधिकारी, जोन 1 से विद्या सागर यादव, जोन 2 से विजय कुमार, जोन 3 से सीपी सिंह, जोन 4 से राजेश सिंह, जोन 5 से अनुपम त्रिपाठी और जोन 6 से रवि शंकर यादव मौजूद रहे।

# रक्षा व्यवस्था के मद्दे नज़र चुस्त दुरुस्त कराने के लिए एक ज्ञापन सौंपा



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। शहीद वीर अब्दुल हमीद सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन उ प्र के अध्यक्ष डा निसार अहमद सिद्दीकी की आगुवाई मे एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी कानपुर को संबोधित ज्ञापन दिया जिसमे मुस्लिम के समुदाय अपने आका हजरत मुहम्मद स अ वसल्लम की यौमे पैदाइश (जन्म दिन) के मौके पर सबसे बड़ा त्योहार ईद मिलादुन्नबी व जुलूस ए मुहम्मदी स अ वसल्लम बड़े धाम से मनाते हैं लेकिन कुछ अव्यवस्थाओं के कारण त्योहार मानने मे होने वाली समस्याओ मे विशेष रूप से ईद मिलादुन्नबी और जुलूस मुहम्मदी स.अ.वसल्लम के मौके पर शराब बंदी,जिसमें सफ़ाई,जलभराव , लटकते बिजली के तार , जुलूस मार्ग पर लटकते पेड़ों की छटाई , जुलूस मार्ग का पैच वर्क किए जाने आदि शहर के अन्य इलाकों के साथ साथ रावतपुर मासवानपुर, सैय्यद नगर, काकादेव, रोशन नगर हितकारी नगर शारदा नगर, विजय नगर में प्रमुख मुद्दा है। इसके साथ साथ शहर का अमनों अमान बरकरार रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के मद्दे नज़र चुस्त दुरुस्त कराने के लिए एक ज्ञापन सौंपा जिसमें जिलाधिकारी महोदय ने उक्त समस्याओं के निराकरण के लिए मौके पर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण के लिए आदेशित किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से डा निसार अहमद , इमरान ख़ान एड, आमिर सिद्दीकी, हाजी सलाउद्दीन, अख्तर बरकाती , जाकिर अली बरकाती , नसीम खान, नूर आलम एड, , नफीस ठेकेदार, अहमद रजा एड, नौशाद अहमद गुड्डू, मो आरिफ, इजी.अब्दुल हमीद, अकील अहमद, आदि लोग शमिल हुए।




# न्यू कानपुर यूथ क्लब की बैठक का आयोजन

कानपुर,आज न्यू कानपुर यूथ क्लब की बैठक का आयोजन अध्यक्ष आमीर सिद्दिकी के नेतृत्व मे किया गया।बैठक को सफल और भव्य आयोजन का रूप देने में सभी संबंधित सदस्यों एवं पदाधिकारी मंडल का योगदान सराहनीय रहा। इसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।विक्रम पांडे के नेतृत्व में विशेष रूप से दीपक वासंदानी, दीपक शुक्ला, रवि शुक्ला,अनिलकुमार मंगनानी, डाक्टर निशार, गुरविंदर सिंह लाडी,

आशुतोष, इमरान खान,बाबु अली अंसारी,मो कलीम,मो अदनान,राजू ,नावेद जी, का सहयोग उल्लेखनीय रहा।मुझे विश्वास है कि आप सभी इसी प्रकार भविष्य के कार्यक्रमों में भी सक्रिय रूप से भाग लेते रहेंगे और अपनी उपस्थिति से हमारा उत्साह एवं मनोबल बढ़ाते रहेंगे। आपकी सहभागिता ही हमारे समूह की असली ताकत है।

# शिविर में 463 बुजुर्गों एवं दिव्यांगों ने कराए रजिस्ट्रेशन

» बीपीएस न्यूज

भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पार्टी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करेगी। पीएम मोदी के जन्मदिन पर बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे जिसके लिए सांसद रमेश अवस्थी के निर्देश पर गुरुवार को श्याम नगर में पार्षद कार्यालय, बर्रा दामोदर नगर स्थित वृद्धाश्रम और रेलबाजार मैदान में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा दिव्यांग उपकरण पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने फीता काटकर पंजीकरण शिविरों का शुभारंभ किया।शिविर में मौजूद भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम



(एलिम्को) की 8 सदस्यीय टीम द्वारा परीक्षण कर 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 463 बुजुर्गों एवं दिव्यांगों का निःशुल्क पंजीकरण किया गया। जिन बुजुर्गों के पास आय प्रमाण पत्र नहीं थे मौके पर मौजूद क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा मौके पर ही तत्काल आय प्रमाण पत्र बनाए गए। इन सभी को पीएम मोदी के जन्मदिन पर निःशुल्क उपकरण वितरित किए जाएंगे।प्रमुख रूप से रघुनंदन भदौरिया, जसविंदर सिंह, बिट्टू परिहार, सुमित तिवारी, आलोक वर्मा, पार्षद निर्देश सिंह चौहान, डॉ अखिलेश बाजपेई , नीलम शुक्ला, गोलू शुक्ला, गौरव चतुर्वेदी, दुर्गेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# अवैध गांजा बरामद होने पर हुई कार्यवाही

मौदहा। नगर सहित क्षेत्र में गांजा की तस्करी कम होने का नाम नहीं ले रही है। कोतवाली पुलिस ने पड़ोसी जनपद के एक युवक सहित एक महिला को गांजा की आपूर्ति करते हुए मय गांजा के गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

मौदहा नगर सहित क्षेत्र में कई दशकों से नशीले पदार्थों की तस्करी का धंधा जोरों से चल रहा है। इसमें नगर के कई सफेदपोश नेता भारी मात्रा में गांजे के साथ पकड़े जाने के बाद जेल जा चुके हैं। उसके बावजूद भी गांजे का धंधा थमने के बजाय दिनों दिन फल फूल रहा है। नगर के बड़े चौराहे, मली कुंआ चौराहे के समीप साजन तालाब व स्टेशन मार्ग पर 50 से 500 रुपये की गांजे की पुड़िया धड़ल्ले से बेची जा रही है। इस धंधे में कई महिलाएं भी संलिप्त हैं। स्थानीय पुलिस कभी कभार इस धंधे में लिप्त हैं।

आरोपियों को पकड़कर जेल भी भेज देती है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने नगर के गुड़ाही बाजार से रोहित पुत्र अशोक कुमार निवासी जरौली कोठी पुलिस लाइन बाँदा को तीन किलो गांजा सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है।

वहीं सिसोलर मार्ग में परछा मोड़ के समीप पूजा नामदेव निवासी कर्वी को भी एक किलो नौ सौ ग्राम गांजा सहित हिरासत में लेकर इनके खिलाफ विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा है।

# आत्मशुध्दि व अंहिसा का महापर्व पर्वराज पर्युषण महापर्व का प्रारंभ उत्तम क्षमा से हो रहा है



» बीपीएस न्यूज

कानपुर,दिगम्बर जैन समाज का आज से आत्मशुध्दि व अंहिसा का महापर्व पर्वराज पर्युषण महापर्व का प्रारंभ उत्तम क्षमा से हो रहा है । सन्दीप जैन ने बताया कि सम्पूर्ण विश्व मे आज के दिन सभी जैन साधु-संत ,श्रावक -श्रावक-श्राविका, आज से 10 उत्तम धर्म का पालन करते है जिसमे मर्यादित शुध्द खाना -पान , पूजा-पाठ के साथ - साथ प्रतिदिन की चर्या तीर्थकर की वाणी के अनुसार चलने का प्रयास करते है।तपस्याचाय? अन्तम?ना 108 प्रसन्न सागर जी की दिव्य ध्वनि के अनुसार *ऊँ ह्री उत्तम क्षमा धर्मांगाय नमःमहामंत्र ही पूरे विश्व मे अंहिसा एवं शान्ति ला सकता है , यानि कि विश्व मे एवं सभी जीवो मे मैत्री का भाव एवं क्षमा ही जीव को मोक्ष प्रदान कर सकता है । विशाल जैन ने बताया कि आज कानपुर के स्वर्ण पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मन्दिर जनरलगंज मे प्रातःकाल 6:30 बजे का अभिषेक एवं पूजा-पाठ बडी आनंद के साथ पूजारियो ध्दारा किया गया सर्वप्रथम शांतिधारा का सौभाग्य भामाशाह गुरूभक्त प्रदीप जैन तिजारे वालो 卐के सुपुत्र सन्दीप जैन को द्वितीय सुधीर जैन सविल लाइन्स तृतीया कमलेश जैन डाटा मैन वालो को प्राप्त हुआ ।

उसके उपरान्त पंडित जी के ध्दारा तत्वासूत्र का वाचन किया गया । प्रथम दिन होने के कारण सम्पूर्ण जैन समाज मे अति उत्साह का वातावरण था । सांयकाल श्रीजी की आरती उपरान्त प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जाऐगे ।

## पाकिस्तानी ड्रोन घुसपैठ पर भारत की प्रतिक्रिया प्रक्रिया

# सीमा पार करते ही ड्रोन पर कैसे होती है कार्रवाई?



### पता लगाना

**सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ)** या **भारतीय सेना** की निगरानी प्रणाली जम्मू-कश्मीर सीमा के पास भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले एक **अज्ञात ड्रोन** का पता लगाती है।





### अलर्ट जारी करना

स्थानीय सुरक्षा चौकियों और कमांड केंद्रों को तत्काल **अलर्ट** भेजा जाता है। यदि आवश्यक हो, तो क्षेत्र में नागरिक हवाई यातायात को सूचित किया जाता है।

### अवरोधन प्रोटोकॉल

- **त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी)** तैनात किए गए।
- ड्रोन-रोधी तकनीक **(जैमर, सिग्नल डिसरप्टर)** तैनात की गई।
- ख़तरा होने पर ड्रोन को मार गिराने के आदेश दिए गए।






### जमीनी खोज और जब्ती

- सुरक्षाकर्मी ड्रोन के मलबे या गिराए गए पेलोड (हथियार, ड्रग्स, निगरानी उपकरण) की तलाश में इलाके की तलाशी लेते हैं।
- एकत्रित **साक्ष्य** फोरेंसिक विश्लेषण के लिए भेजे जाते हैं।

### जांच एवं खुफिया जानकारी साझा करना

- जाँच दल घटना का विश्लेषण करते हैं।
- **केंद्रीय एजेंसियों (रॉ, आईबी, एनआईए)** के साथ खुफिया जानकारी साझा की जाती है।
- पिछले घुसपैठों के साथ **पैटर्न की तुलना** की जाती है।





### सार्वजनिक एवं राजनीतिक प्रतिक्रिया

- रक्षा/गृह मंत्रालय द्वारा आधिकारिक बयान जारी।
- प्रधानमंत्री मोदी सहित राजनीतिक नेता पाकिस्तान को चेतावनी जारी कर सकते हैं।
- जनता को सुरक्षा का आश्वासन; मीडिया ब्रीफिंग आयोजित।

### अनुवर्ती सुरक्षा उपाय

- सीमावर्ती क्षेत्रों में **निगरानी और गश्त** बढ़ाई जाएगी।
- **ड्रोन-रोधी प्रोटोकॉल** की समीक्षा और उन्नयन किया जाएगा।
- राज्य और केंद्रीय बलों के साथ समन्वय बैठकें की जाएगी।



# नागरिक सुरक्षा कोर नवाबगंज प्रखंड कानपुर नगर द्वारा कबड्डी और बैडमिंटन का किया गया आयोजन

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। नागरिक सुरक्षा कोर नवाबगंज प्रखंड कानपुर नगर द्वारा हांकी के जादूगर के नाम से मशहूर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर मनाएं जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल मंत्रालय भारत सरकार के आह्वान पर नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय भारत सरकार एवं निदेशक नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश तथा उप नियंत्रक श्री शिवराज सिंह, वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक श्री विष्णु कुमार शर्मा नागरिक सुरक्षा, कानपुर नगर के निर्देशन में खेल भावना को जागृत करने के लिए डिविजनल वार्डन श्री धनंजय

नारायण सिंह, स्टाफ अधिकारी श्री ददन मिश्रा के नेतृत्व में वार्डनों द्वारा एकलव्य जूनियर हाई स्कूल सुखऊ पुरवा ख्यौरा नवाबगंज कानपुर में खेल गतिविधियों में कबड्डी और बैडमिंटन का आयोजन किया गया। कबड्डी में प्रथम स्थान डिप्टी पोस्ट वार्डन कुमारी शिल्पानिषाद और बैडमिंटन में पोस्ट वार्डन श्री दुर्गेश कुमार निषाद को वरिष्ठ सहायक को नियंत्रक महोदय द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य हेतु पोस्ट वार्डन श्री धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी को मोमेंटों दें कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में घटना नियंत्रण अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार, पूर्व डिप्टी चीफ वार्डन/ सेक्टर वार्डन श्री राजीव सिंह,पोस्ट वार्डन श्री जय प्रकाश साहू,दुर्गेश कुमार निषाद, श्री प्रकाश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी, रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, धर्मेंद्र शुक्ला, शुभम कुमार, उमा निषाद, संजय निषाद,कु0खुशी, राहुल कुमार, श्रीमती आशा गंगवार,कु0सुहानी निषाद , अमित कुमार, क्षेत्रीय बच्चे और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भारत रक्षा जन सुरक्षा मंच की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया

» बीपीएस न्यूज



कानपुर नगर। आज दिनांक 29 अगस्त 2025 को फ्भारत रक्षा जन सुरक्षा मंचफ्र की ओर से महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार, प्रधानमंत्री भारत सरकार व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को जिलाधिकारी कानपुर नगर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में सम्मिलित अनेक वकील एवं शिक्षकों ने बताया कि कानपुर नगर के इंदिरा नगर स्थित बुद्धा पार्क में नगर निगम कानपुर नगर एवं कानपुर विकास प्राधिकरण संयुक्त रूप से एक शिव मंदिर की स्थापना करने की योजना बना रहे हैं जिससे नगर के समस्त बौद्ध एवं अंबेडकर वादियों की धार्मिक भावनाएं आहत है एवं उनमें आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया की बुद्धा पार्क केवल पार्क ही नहीं बल्कि उपासना स्थल भी है यदि उस स्थल पर शिवालय बनाया जाता है बोधगया एवं संकिशा में बौद्ध एवं पंडो के बीच चल रहे टकराव को हम यहाँ जानबूझकर बढ़ाबा देने की कोशिश कर रहे हैं जिससे सामाजिक टकराव और बढ़ेगा।

नगर निगम और कानपुर विकास प्राधिकरण यदि किसी पार्क में शिवालय बनाने को उत्साहित है एवं आवश्यक समझ रही है तो कानपुर नगर में अनेकों पार्क ऐसे हैं जो जर्ज़र अवस्था में हैं जिनका जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण के लिए जनता मांग करती है ऐसे स्थलों /पार्कों में शिवालय का निर्माण कराया जा सकता है जिससे किसी एक पार्क का सुन्दरीकरण व जनता की मांग भी पूरी हो जायेगी और निगम व प्राधिकरण की शिवालय बनाने की योजना भी बिना किसी टकराव के सदभावना पूर्ण माहौल में पूर्ण हों जायेगी।ज्ञापन में मुख्य रूप से एडवोकेट नरेंद्र सिंह यादव, राजेश गौतम, एडवोकेट नवीन गौतम, एडवोकेट उदय राज गौतम, भुवनेश भूषण, दूधनाथ, एडवोकेट विजय कुमार, राजेश संखवार, रंजीत कुमार, एडवोकेट वैभव चौधरी, एडवोकेट विजय सागर, सागर इंडिया आदि उपस्थित रहे।

# अरविन्द कुरील 16वीं बार क्षेत्रीय अध्यक्ष तो सुरेंन्द्र सिंह सेंगर 10वीं बार क्षेत्रीय मंत्री बन



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद कानपुर क्षेत्र का क्षेत्रीय वार्षिक चुनाव बस स्टेशन चुन्नीगंज कानपुर में अरविन्द कुरील की अध्यक्षता एवम लखनऊ क्षेत्र से गया प्रसाद तिवारी व प्रयागराज से मान सिंह प्रान्तीय पर्यवेक्षको की देखरेख में हुआ जिसमें कानपुर क्षेत्र की सभी 17 शाखाओं के शाखा अध्यक्ष / मंत्री सहित फजलगंज डिपो ट्रैफिक से फजलगंज डिपो कार्यशाला से 2 सदस्य, माती डिपो से 2 सदस्य प्रशिक्षण संस्थान से 2 सदस्य प्रशासनिक शाखा से 2 सदस्य विकास नगर ट्रैफिक से 6 सदस्य फतेहपुर ट्रैफिक से 6 सदस्य फतेहपुर कार्यशाला से 5 सदस्य उन्नाव ट्रैफिक से 4सदस्य उन्नाय कार्यशाला से 4 सदस्य किदवई नगर ट्रैफिक से 4 सदस्य किदवई नगर कार्यशाला से 2 सदस्य बस प्रबन्धन शकरकटी में 2 सदस्य आजाद नगर डिपो ट्रैफिक से 4 सदस्य आजाद नगर डिपो कार्यशाला से 2 सदस्य क्षेत्रीय कार्यशाला से 2 सदस्य,टायर शॉप से 2 पदेन सदस्य 4 कुल 60 सदस्यों ने प्रतिभांग किया जिसमें सर्वसम्मति से पुनः अरविन्द कुरोल को क्षेत्रीय अध्यक्ष, सुरेन्द्र सिंह सेंगर को क्षेत्रीय मंत्री व अखिलेश मिश्र को 5वीं बार प्रान्तीय प्रतिनिधि चुना गया, जिसकी विधिवत घोषणा चुनाव अधिकारी गया प्रसाद तिवारी व मान सिंह द्वारा चुनाव सभा स्थल पर ही की गयी।

# उद्योग व्यापार मंडल की आम सभा एवं व्यापारी मिलन समारोह का आयोजन

कानपुर। उद्योग व्यापार मंडल की आम सभा एवं व्यापारी मिलन समारोह का आयोजन बिठूर स्थित भूमिका ग्रीन लॉन में रविवार 31 अगस्त को संपन्न हुआ! जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील बजाज एवं संचालन महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी ने किया !कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा उपस्थित रहे! आमसभा में जिलाध्यक्ष सुनील बजाज द्वारा अपनी बात को रखते हुए अपने कार्यकाल के कार्यों के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया, जिला अध्यक्ष ने कहा कि मुझे राजेश गुप्ता जी के असमय निधन हो जाने के कारण बीच कार्यकाल में 14 माह कार्य करने का अवसर प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा एवं सम्मानित वरिष्ठ जनों की सर्वसम्मति के बाद मिला!

मैं आजीवन इसी व्यापार मंडल का सिपाही रहूंगा क्योंकि एकमात्र यही व्यापार मंडल है जिसमें किसी को पद की लालसा नहीं होती है! पूर्व में भी कई दायित्वों में भी रहा हूं!जिस पर प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा जी ने पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए एक पांच सदस्य कमेटी का गठन किया,जो 15 दिन में सभी बाजार इकाइयों से संपर्क करने के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी! कमेटी में रामेश्वर गुप्ता,




विजय पंडित, मणिकांत जैन, वर्तमान अध्यक्ष महामंत्री कोषाध्यक्ष क्रमशः सुनील बजाज, कृपाशंकर त्रिवेदी एवं प्रदीप गुप्ता रहेंगे!इसमें 2 सदस्यों को और जोड़ा जाएगा!व्यापारी मिलन समारोह में विधायक सुरेंद्र मैथानी,अमिताभ बाजपेई और अरुण पाठक एवं समाजसेवी संजीव पाठक का भी सम्मान किया गया!फूड सेफ्टी एक्ट के तहत छोटे दुकानदारों को लाइसेंस के नाम पर किया जा रहा है उत्पीड़न, स्वदेशी के जन जागरण, ऑनलाइन विदेशी कंपनियों का बायकाट करने एवं छोटे–छोटे दुकानदारों को बढ़ावा देने, प्रस्तावित बिजली दलों को न बढ़ाए जाने का भी प्रस्ताव सर्वसम्मति से सदन में पारित किया गया!कार्यक्रम में राजेंद्र शुक्ला, रामकिशोर मिश्रा,सुनील पांडेय,सत्य प्रकाश जायसवाल,रोमी सिंह,नीरज दीक्षित संत जाकोडिया, रामजी शुक्ला, महेंद्र गुप्ता, प्रताप महेश्वरी, ,गुलशन जायसवाल, टीकम चंद्र सेठिया,राजेश गुप्ता,ऋषि ठाकुर,सौरभ त्रिवेदी, अब्दुल जब्बार,कामिल, भानु प्रताप सिंह,ओम प्रकाश चौटाला,सरताज अहमद,विनय अरोड़ा,प्रदीप पांडे, रामकुमार सिंह, आयुष शुक्ला,आनंद मिश्रा, संजीव पांडे, गीता गुप्ता, राकेश सिंह, पंकज अग्रवाल,विजय गुप्ता मार्बल,श्याम अग्रहरि,ईश्वर सिंह वर्मा, मनीष बाजपेई अरविंद गुप्ता,आदि लोग मौजूद रहे!

कार्यक्रम के संयोजक उपाध्यक्ष दीपक राज गुप्ता एवं मनीष त्रिपाठी रहे!

# अनुशासन और अदब से चलें, जुलूस-ए-मोहम्मदी अमन और मोहब्बत की मिसाल बनेगा




## » शहर क़ाज़ी मौलाना मुफ़्ती मोहम्मद साक़िब अदीब मिस्बाही ने जारी की गाइडलाइन, 1500 साला जश्ने विलादत को ऐतिहासिक बनाने की अपील

## डीजे पर पूरी तरह रोक, दरूद–ओ–सलाम और नात की गूंज से रोशन होगा कानपुर

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर कानपुर से उठने वाले एशिया के सबसे बड़े जुलूस जुलूस–ए–मोहम्मदी एवं जश्ने चिराग़ां को लेकर शहर क़ाज़ी कानपुर नगर, मौलाना मुफ़्ती मोहम्मद साक़िब अदीब मिस्बाही ने मार्गदर्शन (गाइडलाइन) जारी की।उन्होंने कहा कि इस बार का जुलूस पैग़म्बर–ए–इस्लाम हज़रत मोहम्मद मुस्तफ़ा के 1500 साला जश्ने विलादत के रूप में निकाला जा रहा है। यह ऐतिहासिक अवसर है और इसे अमन, मोहब्बत और अदब के साथ मनाना हर शहरी की ज़िम्मेदारी है।शहर क़ाज़ी ने कहा कि जुलूस–ए–मोहम्मदी का असल पैग़ाम मोहब्बत, भाईचारे और अमन है। उन्होंने अंजुमनों और तमाम शिरकत करने वालों से गुज़ारिश की कि वे अनुशासन बनाए रखें और एकता का बेहतरीन पैग़ाम पेश करें।शहर क़ाज़ी द्वारा जारी मुख्य दिशा–निर्देशजुलूस–ए–मोहम्मदी में ज़्यादा से ज़्यादा तादाद में शामिल हों, मगर अदब और एहतराम से चलें।साफ कपड़े पहनें, खुशबू लगाएँ और सर पर अमामा या टोपी रखें।दरूद शरीफ़ पढ़ें, कुरान पाक की तिलावत करें और नातें पेश करें। म्यूज़िक वाली नातों से परहेज़ करें।आगे–पीछे की बहस न करें, क्रमबद्ध होकर शामिल हों। अफरा–तफरी बिल्कुल न मचाएँ। डीजे का इस्तेमाल न करें। सिर्फ़ साउंड सिस्टम पर दरूद–ओ–सलाम और नात पढ़ी जाए। बच्चों को भी मौका दिया जाए।झंडे 10 फीट से ऊँचे न हों और उनमें लोहे की छड़ या चाँद का इस्तेमाल न करें, सिर्फ़ लकड़ी का इस्तेमाल करें।जुलूस में इस्तेमाल होने वाली गाड़ियों की तैयारी पहले से करें। मगर बच्चों को गाड़ियों पर बैठाने से बचें।शहर क़ाज़ी मुफ़्ती साक़िब अदीब मिस्बाही ने कहा कि यह जुलूस पैग़म्बर–ए–इस्लाम की मोहब्बत का इज़हार है और हमें चाहिए कि हम इसे अमन–ओ–शांति और भाईचारे का संदेश देने वाला बनाएं।

# अंहकार को पिघलना, गलना और मिटना ही उत्तम मार्दव धर्म है





» बीपीएस न्यूज

कानपुर। पर्वराज पर्युषण महापर्व का दूसरा दिन उत्तम मार्दव है। स्वर्ण जैन मन्दिर दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मन्दिर जनरलगंज मे गिरिडीह (झारखंड) से पधारे विद्वान पंडित महावीर प्रसाद जैन के उद्बोधन ध्दारा जी का अभिषेक पाठ एवं शान्तिधारा की क्रिया प्रारंभ की गई जिसका प्रथम सौभाग्य भामाशाह गुरूभक्त प्रदीप जैन के सुपुत्र राजीव जैन को दुसरी आजाद जैन चिरौजी परिवार एवं तीसरा सुभाष जैन को प्राप्त हुआ।तपाचाय? अन्तम?ना 108 प्रसन्न सागर महाराज जी ने उत्तम मार्दव धर्म के बारे मे बताते है कि संसार मे जितने भी युध्द भौतिका एवं अंहकार बढ रही है उसका सबसे बडा कारण मान है

इसको समाप्त करने का सबसे बडा महामंत्र है णामोकार महामंत्र जिसमे नमन को सर्वोपरि रखा है क्योकि जहाँ णामोकार महामंत्र है वहाँ अंहकार नही है ।सन्दीप जैन ने बताया आज दिन करीब पूरे कानपुर जैन समाज के सभी मन्दिर मे 650 के आस–पास श्रावको ने पीले शुध्द वस्त्र पहनकर श्रीजी का अभिषेक करते है और पूरे भक्तिभाव से पूजन अर्चना भी करते है महिलाऐ इन दस दिनो मे अपने संसार क्रियाओ के साथ–साथ प्रतिदिन मन्दिर जी मे पूजन करती है उपवास करती है और साथ सांस्कृतिक भी मन्दिर जी सायंकाल प्रस्तुत करती है।कल सायंकाल खण्डेलवाल महिला मण्डल ध्दार बारह भावनो पर आधारित कार्यक्रम संचालन मोनिका जैन के ध्दारा किया गया।जिसमे संस्था की 24 महिलाओ ने भाव नृत्य एवं बच्चो के साथ–साथ नृत्य मे बारह भावनाओ का अर्थ भी समझाया कार्यक्रम का शुभारंभ छोटी बच्ची प्रियका जैन एवं जिया जैन के भाव नृत्य ध्दारा किया गया मन्दिर मे उपस्थित पवन गंगवाल,सचिन जैन,शैलेश जैन एन आर आई अशोक जैन कांसलीवाल, अभिषेक जैन गोल्डी शिखा जैन,पूजा जैन,खूशबू जैन आदि थे

# जीएसटी विभाग के अपर आयुक्त डिप्टी कमिश्नर प्रशासन से शिष्टाचार भेट की व्यापारिक समस्याओं पर चर्चा

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। न्यू कानपुर यूथ क्लब व्यापारिक संघटन कानपुर नगर के नेतृत्व मे नवनिर्वाचित कमेटी नेपदाधिकारी मंडल एवं सक्रिय सदस्यों ने जीएसटी विभाग के अपर आयुक्त डिप्टी कमिश्नर प्रशासन शशिधर शाही शिष्टाचार भेट की आमिर सिद्दीकी अध्यक्ष ने कहा कि व्यापार मे समस्याओ को निस्तारण करने को कहा एवम सदा व्यापारियो के साथ सहयोग बनाए रहे कमेटी के कार्यक्रम होते रहेगे आप से आशा है ऐसे कार्यक्रम के आयोजन में आप सब की भूमिका महत्वपूर्ण है सभी सदस्यों का बहुत–बहुत आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने आज के कार्यक्रम को सफल बनाया मैं भी आप लोगों को आश्वासन देता हूं आपकी समस्याओं के लिए 24 घंटे में खड़ा हूं मैं खासतौर पे महामंत्री विक्रम पांडे उपाध्यक्ष दीपक वसंदानी,अनिल ,सुरेशपदाधिकारी मंडल एवं सक्रिय सदस्यों की उपस्थित रहे।



# अपराधी भाजपा राज में फल फूल रहे हैं- पवन गुप्ता

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। कानपुर महानगर कांग्रेस और कानपुर नगर ग्रामीण कांग्रेस की संयुक्त प्रेसवार्ता में महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता और नगर ग्रामीण अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने भाजपा की सरकार में कानून व्यवस्था को जम कर कोसते हुए फेल बताया और कहा कि कानपुर समेत उ0प्र0 में विगत आठ साल के योगी शासनकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। भाजपा राज में भाजपा जहां खुद वोट की चोरी करती है तो वहीं अपराधी भाजपा राज में फल फूल रहे हैं।दोनों अध्यक्षों ने कहा कि कानपुर महानगर और ग्रामीण में चोरी, जमीन कब्जे, चेन स्नैचिंग, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्टिंग, महिलाओं से छेड़छाड़ आदि के मामलों ने कानपुर को अपराधपुर बना दिया है।जमीन कब्जा माफिया की कहानी कानपुर में अभी सामने आई है जबकि 7 साल से भाजपा की सरकार है। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि अगर हम कहें कि कानपुर अपराधपुर बन गया है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। कानपुर में हर थाने में अपराधों का अंबार है और पुलिस आम जन की सुनती नहीं है। भाजपा के पार्षद ने एक भाजपा के कार्यकर्ता को अभी दो दिन पहले बुरी तरह से मारा। कहीं पुलिस द्वारा ही लूट की घटना सामने आ रही है।नगर ग्रामीण अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण में अपराध के सारे रिकॉर्ड टूट गई है। ग्रामीण का शायद ही कोई थाना होगा जहां आये दिन कोई जघन्य अपराध न होता हो। इतना ही नहीं जो सामाजिक अपराध खत्म से हो गये थे वह भाजपा के शासन काल में फिर से होने लेगे हैं, जैसे दलितों की बारातों पर हमला, उन्हें घोड़ी पर न चढ़ने देना और तो और अब दबंग उन्हें अपने इलाकों से निकलने देना भी नहीं चाहते।प्रेस वार्ता में सभी ने मांग करी कि हम मुख्यमंत्री जी से नैतिकता के आधार पर उनके इस्तीफे की मांग करते है। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, ग्रामीण अध्यक्ष संदीप शुक्ला, पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष हरप्रकाश अग्निहोत्री, पूर्व अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, प्रतिभा अटल पाल, धवल पांडे, शंकर दत्त मिश्रा, शक्ति पांडे, राकेश साहू, के के शुक्ला आदि थे।

# धारा 163 तत्काल प्रभाव से कानपुर नगर की सीमा में लागू

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था, कानपुर नगर श्री आशुतोष कुमार ने आगामी त्योहारों एवं कार्यक्रमों के साथ-साथ वर्तमान समय में जनपद की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, कानून-व्यवस्था के बेहतर अनुपालन एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 को तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण पुलिस कमिश्नरेट, कानपुर नगर की सीमा में लागू कर दिया है।

इस आदेश के अंतर्गत किसी भी वक्ता, व्यक्ति अथवा राजनैतिक दल को धर्म, जाति अथवा व्यक्ति विशेष के विरुद्ध भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक वक्तव्य देने, साम्प्रदायिक उन्माद या जातीय संघर्ष भड़काने वाले किसी भी ऑडियो/वीडियो सामग्री के प्रयोग या दूसरों को ऐसा करने हेतु प्रेरित करने की अनुमति नहीं होगी।

किसी भी व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर आग्नेयास्त्र, तलवार, भाला, करौली, काता, 5 सेमी से बड़ा चाकू, लाठी-डंडा अथवा अन्य किसी भी प्रकार का घातक हथियार लेकर चलने की मनाही रहेगी। केवल बीमार व्यक्ति, जिन्हें सहारे के लिए छड़ी आवश्यक है, वैध लाइसेंसी शस्त्र के नवीनीकरण हेतु जाने वाले व्यक्ति तथा ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारी इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

बिना अनुमति किसी को भी पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का समूह बनाकर सार्वजनिक स्थान पर एकत्र होने, जनसभा, जुलूस, नुक्कड़ सभा या प्रदर्शन आयोजित करने की अनुमति नहीं होगी। यह प्रतिबंध विवाह, शवयात्रा आदि पर लागू नहीं रहेगा।कोई भी व्यक्ति उत्तेजक नारेबाजी या भाषण देकर किसी की भावनाओं को आहत करने अथवा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास नहीं करेगा। साथ ही द्वेष फैलाने वाले बैनर, पोस्टर, होर्डिंग, अश्लील नृत्य, नाटक, गाना, आडियो-वीडियो सामग्री के प्रयोग पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद/लखनऊ द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग संबंधी निर्देशों का पालन सभी को अनिवार्य रूप से करना होगा। कमिश्नरेट क्षेत्र में दो से अधिक लाउडस्पीकर के प्रयोग हेतु पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा, तथा बाहर से लाए जाने वाले डी.जे./स्पीकर आदि के लिए भी आयोजकों को अनुमति लेकर उसकी प्रति थाने में जमा करनी होगी।

रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक किसी भी ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उच्च न्यायालय एवं शासन के निर्देशानुसार औद्योगिक, वाणिज्यिक, आवासीय एवं शांति क्षेत्रों के लिए निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन भी सुनिश्चित किया जाएगा।

आगामी परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की गई है। परीक्षा केन्द्र की बाउंड्रीवाल से 100 मीटर की परिधि के भीतर किसी भी अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा तथा परीक्षा केन्द्रों से 200 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर निषेध रहेगा।

इसके अतिरिक्त किसी भी सार्वजनिक या निजी स्थान पर ईंट, पत्थर, ज्वलनशील पदार्थ अथवा विस्फोटक सामग्री एकत्रित करना प्रतिबंधित है, जिससे जनसुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता हो।यह आदेश तत्काल प्रभाव से 29 अगस्त, 2025 से लागू होकर 27 अक्टूबर, 2025 तक प्रभावी रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर इसकी अवधि परिस्थितियों के अनुसार बढ़ाई जा सकेगी।

कोई भी व्यक्ति, संस्था अथवा पक्ष इस आदेश में छूट अथवा शिथिलता हेतु पुलिस आयुक्त, संयुक्त पुलिस आयुक्त अथवा चारों जोन के पुलिस उपायुक्तों के समक्ष विधिवत आवेदन कर सकता है। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

# एजुकेशन लोन को दी जाए प्राथमिकता, बैंकों व शैक्षणिक संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय किया जाए स्थापित- मंडलायुक्त

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। मंडल आयुक्त के. विजयेंद्र पांडियन की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, फर्रुखाबाद, इटावा एवं कन्नौज जनपदों के जिलाधिकारी सहित विभिन्न अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में बैंकिंग क्षेत्र के सीडी रेश्यो की समीक्षा की गई। मंडल का औसत सीडी रेश्यो 53.54 प्रतिशत है। कानपुर नगर का सीडी रेश्यो 53.83, कन्नौज का 66.61, इटावा का 51.07, कानपुर देहात का 51.67, औरैया का 45.33 तथा फर्रुखाबाद का 50.96 प्रतिशत है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी जिलाधिकारी सीडी रेश्यो की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल के सहयोग से जीएसटी पंजीकरण में वृद्धि की जाए, जिससे आधार और लेनदेन दोनों बढ़ेंगे तथा सीडी रेश्यो में सुधार होगा। उन्होंने यह भी कहा कि एजुकेशन लोन को प्राथमिकता दी जाए। यह प्रायोरिटी सेक्टर में आता है और इसके लिए बैंकों व शैक्षणिक संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए।

मंडलायुक्त ने अन्नपूर्णा भवनों की प्रगति की समीक्षा की। मंडल में अब तक 427 अन्नपूर्णा भवन बनाए जा चुके हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा प्रत्येक जनपद में 150 भवन बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा तय मानकों का अनुपालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित कराया जाए।

बैठक में फार्मर रजिस्ट्री पर भी चर्चा हुई। मंडल में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 17.06 लाख लाभार्थी हैं, जिनमें से 8,87,096 किसानों की आईडी जनरेट की जा चुकी है। मंडलायुक्त ने अभियान चलाकर शेष किसानों का पंजीकरण कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उर्वरक आपूर्ति की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने बताया कि खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने अधिकारियों को बेहतर निगरानी करने और किसी भी दशा में कालाबाजारी तथा ओवररेटिंग न होने देने के निर्देश दिए।

शिक्षा के क्षेत्र में मंडलायुक्त ने परिषदीय विद्यालयों में उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अब छात्रों की उपस्थिति मैन्युअल न होकर टैबलेट से ऑनलाइन दर्ज की जाए। जिन विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था है, वहां नियमित मॉनिटरिंग की जाए और बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

बैठक में उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई योजना पर भी चर्चा हुई। मंडलायुक्त ने कहा कि मंडल में कुल 417 प्रकरण लंबित हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर इन लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

सीएम डैशबोर्ड की जुलाई माह की रैंकिंग पर समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने बताया कि औरैया जनपद को 15वीं, कन्नौज को 6वीं, फर्रुखाबाद को 57वीं, कानपुर देहात को 54वीं, कानपुर नगर को 36वीं तथा इटावा को 23वीं रैंक प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना, जल जीवन मिशन, फैमिली आईडी, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान तथा आयुष्मान वय वंदन योजना जैसे विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति में सुधार लाया जाए।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने बिना अनुमति रोड कटिंग की शिकायतों पर भी संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि रोड कटिंग से पूर्व अनिवार्य रूप से अनुमति प्राप्त की जाए। इस संदर्भ में उन्होंने भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकम्युनिकेशन द्वारा विकसित फ़कॉल बिफोर डिग एपफ़ का उपयोग करते हुए ऑनलाइन अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के निर्देश दिए।

विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि विद्युत पोल न हटने और पेड़ की कटाई न होने के कारण कोई भी परियोजना विलंबित न हो। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर शासन की मंशा के अनुरूप विकास परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।

# एकजुटता और काम से किदवई नगर विधानसभा में लायेगे परिवर्तन- एडवोकेट सुधांशु मिश्रा

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। वार्ड 9 में पीडीए बैठक व पिछड़ा प्रकोष्ठ में पद वितरण कार्यक्रम में किदवई नगर विधानसभा के प्रभारी सुधांशु मिश्रा एडवोकेट रहें उन्होंने कहा की हम सब को घर घर पहुंचकर एक एक वोट बढ़वाना है क्योंकि वर्तमान सरकार लगातार हमारे आपके वोटो को कटवाने का काम कर रही है एक एक वोट पर नजर रखनी होंगी।

सभी साथियों को मोहल्ले में कमरा बैठक कर अपने लोगों को जोड़ना होगा, निष्क्रिय लोगों को पुनः उनके साथ बैठक कर नए लोगों को जोड़ना होगा

क्योंकि आने वाले समय में हमारी लड़ाई तानाशाही और वोट चोरों से होने वाली है जो समाज में भ्रम फैलाने का काम करते है 2027 में फिर से पीडीए नायक अखिलेश यादव की सरकार बनने वाली है हम लोग पीड़ित लोगों की बुलंद आवाज बनने का काम करेंगे और किदवई नगर में समाजवादी पार्टी प्रत्यासी को जितवाने का काम करेंगे।

बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव मिंटू, महेन्द्र सिंह बड़े ठाकुर, दीपक खोटे, शादाब आलम, पिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश गौड़, वार्ड 9 के पूर्व पार्षद प्रत्यासी पिछड़ा प्रकोष्ठ के महासचिव विजय यादव, रामकुमार यादव, विधानसभा अध्यक्ष केशव श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष जीतेन्द्र यादव, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मेराज अहमद, हुकुम सिंह यादव, अजय यादव टिंकू, फैसल, आफताब, शमीम, दीपू सुधाकर, हिमांशु श्रीवास्तव, राकेश सिंह, वैष्णो राठौर, शुभम, आदि मौजूद रहें।

# जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से 14 पीड़ित महिलाओं को मिली 54 लाख रुपए की सहायता राशि



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में फ़रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजनाफ़ की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने योजना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में कुल 50 प्रकरणों पर विचार किया गया, जिनमें से 14 प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई। इन प्रकरणों में पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को कुल 54 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई गई।जिलाधिकारी ने कहा कि योजना का उद्देश्य पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को समय पर न्याय एवं आवश्यक आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराना है। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि पॉक्सो, दुष्कर्म, एसिड अटैक और मृत्यु से जुड़े मामलों में एफआईआर दर्ज होते ही पीड़िता या परिजनों के बैंक खाते का विवरण अनिवार्य रूप से प्राप्त किया जाए, जिससे सहायता राशि सीधे उनके खातों में स्थानांतरित की जा सके।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन मामलों में बैंक विवरण उपलब्ध नहीं हैं, उनमें संबंधित पीड़िताओं/परिजनों से तत्काल संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जाए। प्रत्येक प्रकरण को संवेदनशीलता और गंभीरता से निपटाया जाए तथा लंबित मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित हो।जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना नियमावलीफ़ के अंतर्गत

एसिड अटैक (धारा 326-ए आईपीसी)

दहेज हत्या (धारा 304-बी आईपीसी)

दुष्कर्म एवं पास्को से संबंधित गंभीर अपराध (धारा 3/4, 5/6, 14 पॉक्सो, धारा 376-ए, 376-सी, 376-डी आईपीसी)हत्या (धारा 302 आईपीसी) के साथ पॉक्सो की धारा 4 या 6जैसे प्रकरणों में पीड़िताओं को एक लाख से लेकर दस लाख रुपये तक की आर्थिक क्षतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि योजना के संचालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि योजना की प्रगति की नियमित मासिक समीक्षा की जाए तथा विस्तृत रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए।

# गणेश उत्सव कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने झांकी दिखा प्रतिभा दिखाई






कानपुर। पटकापुर स्वच्छता समिति द्वारा चतुर्थ गणेश उत्सव में गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई। शाम होते ही क्षेत्र की महिलाओं ने भजन कीर्तन करते हुए श्री गणेश भगवान का पूजन वंदन किया। सभी भक्तों ने गणपति बप्पा मोरिया का जयकारा लगाया।पटकापुर स्वच्छता समिति के सभी सदस्यों ने मिलकर गजानन की आरती की। क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा गणेश जी, शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। बच्चो द्वारा प्रस्तुत की गई झांकी देख क्षेत्रवासी मंत्रमुग्ध हो गए। सभी ने बच्चों की कलाओं को सराहा।वही बाहर से आए हुए कलाकारों ने भी झांकी प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक कमल चंद बाजपेई, रमेश चंद बाजपेई, विनोद त्रिपाठी, राजवर्धन मिश्रा, अध्यक्ष अरुण कुमार अस्थाना, उपाध्यक्ष शिबू बाजपेई, महामंत्री दीपक निगम, गीता पांडे, रानी त्रिवेदी, सुरेश वाजपेई, मनीष अस्थाना, पारसनाथ शुक्ला, सहयोगी-मनीष अग्रणी, विक्की जायसवाल, सिद्धार्थ अवस्थी, दीपू मिश्रा सहित क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# बारावफात त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु कानून-व्यवस्था मीटिंग

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस कार्यालय सभागार में संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में बारावफात त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु कानून-व्यवस्था मीटिंग आयोजित की गई।बैठक में डीसीपी पूर्वी, पश्चिम, दक्षिण, सेंट्रल, ट्रैफिक व नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारीगण व सम्भ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक में संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता, पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था, शांति-समिति की भूमिका एवं नागरिकों के सहयोग से त्यौहार को शांति व भाईचारे के माहौल में सम्पन्न कराने पर बल दिया गया।



# शिक्षित बेरोजगार दिव्यांगजनों को नौकरी न मिली तो सड़कों पर उतरकर होगा संघर्ष

## दिव्यांग संगठनों की लखनऊ में जल्द होगी बैठक



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। दिव्यांग महागठबंधन की बैठक शास्त्री नगर बड़ा सेंट्रल पार्क में संपन्न हुई। बैठक में चलन क्रिया के दिव्यांग लेखपाल व मुख्य सेविका अभ्यर्थियों को नौकरी न देने पर सड़क पर उतरकर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।दिव्यांग महागठबंधन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि नौकरी के नाम पर सरकार दिव्यांगों के साथ धोखा कर रही है । मुख्यमंत्री कार्यालय के आश्वासन के बाद भी लेखपाल, मुख्य सेविका अभ्यर्थियों को आज तक नौकरी नहीं मिली ।वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि चलन क्रिया के दिव्यांगों को सरकार नौकरियो से वंचित करने की साजिश कर रही है। शिक्षित बेरोजगार दिव्यांगजनों को नौकरी न मिली तो दिव्यांग महागठबंधन सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगा।वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों को नौकरी रोजगार स्वास्थ्य शिक्षा सुरक्षा रोटी कपड़ा मकान की सौ फीसदी गारंटी के लिए सरकार सामाजिक समानता कानून बनाएं। दिव्यांगजनों की पेंशन पांच हजार महीना करें, आवास की सुविधा दे, आयुष्मान व अंत्योदय कार्ड बनाएं। जब तक सरकार मांगे पूरा नहीं करेगी तब तक आंदोलन खत्म नहीं होगा। जल्द ही सभी दिव्यांग संगठनों के पदाधिकारी को लखनऊ बुलाकर के आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।आज की बैठक में महागठबंधन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार , राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, अरविन्द सिंह, गुड्डी दीक्षित , वैभव दीक्षित, रंजीत कुमार, जितेन्द्र गुप्ता, पुष्पेन्द्र सिंह, पूजा , सरला, सीमा कुशवाहा, याशमीन, ममता कुमारी, आदि शामिल थे।

# अवैध शस्त्रों पर कड़ी निगरानी के कानपुर डीएम ने दिए सख्त निर्देश

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने अवैध शस्त्रों के निर्माण, वितरण और तस्करी पर रोक के संबन्ध में आवश्यक निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि बिना लाइसेंस शस्त्र रखना अपराध है। आयुध (संशोधन) अधिनियम-2019 के अनुसार इसकी सजा दो वर्ष से पाँच वर्ष के कारावास तक हो सकती है, साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी प्रक्रियाओं का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जानकारी दी गई कि जनपद में 39,473 व्यक्तिगत शस्त्र लाइसेंस धारक और 71 शस्त्र विक्रय स्थल हैं। कानपुर नगर वैधानिक शस्त्र विक्रय का प्रदेश का प्रमुख केंद्र है।

डीएम ने बंदूक और कारतूस निर्माण




व विक्रय केन्द्रों पर नियमित निगरानी रखने और समय-समय पर जांच करने के आदेश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शस्त्रों के वरासत से जुड़े प्रकरणों में यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदक जनपद का ही निवासी हो और आवेदनपत्र पर दर्शाए गए पते पर ही निवास करता हो। साथ ही पिछले पाँच वर्षों में आवेदक ने किन-किन स्थानों पर निवास किया है, इसकी भी पुष्टि की जाए। जिन खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स शस्त्र लाइसेंस दिया गया है, उनमें से कितने खिलाड़ी वास्तव में अभ्यास कर रहे हैं या प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं, इसका विस्तृत ब्यौरा तैयार किया जाए। एलआईयू को संवेदनशील इलाकों से इंटेलिजेंस इनपुट जुटाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आयुध (संशोधन) अधिनियम, 2019 के अनुसार यदि किसी व्यक्ति के पास दो से अधिक शस्त्र हैं, तो उसे एक वर्ष के भीतर अतिरिक्त शस्त्र जमा करना होगा। निर्धारित अवधि में ऐसा न करने पर संबंधित शस्त्र का लाइसेंस 90 दिनों के भीतर निरस्त कर दिया जाएगा। यह नियम वरासत मामलों पर भी लागू होगा।

उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के अनुसार शस्त्रों के गैर-लाइसेंसी निर्माण, बिक्री, खरीद या परिवहन जैसे अपराधों पर अब सजा और कठोर की गई है। ऐसे मामलों में न्यूनतम सात वर्ष से लेकर आजीवन कारावास और जुर्माना हो सकता है। निषिद्ध हथियारों से जुड़े अपराधों में न्यूनतम दस वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा होगी। इसी तरह अवैध आयात-निर्यात, तस्करी और संगठित अपराध से जुड़े मामलों में भी यही प्रावधान लागू होंगे।

बैठक में एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


भारतीय जनता पार्टी
कानपुर दक्षिण
अमर सिंह राजपूत
पत्रांक -121/25
दिनांक-23.08.2025
विषय- कानपुर के हैलेट अस्पताल में दवा माफियाओं व दलालों के सक्रिय गैंग पर सख्त कानूनी कार्यवाही हेतु प्रार्थना-पत्र।
धन्यवाद!
भवदीय
अमर सिंह राजपूत
जिला सहसंयोजक
सहकारिता प्रकोष्ठ भा.ज.पा.
कानपुर दक्षिण

# दवा माफियाओं पर कानूनी कार्यवाही की मांग, मुख्यमंत्री व डीएम को भेजा पत्र

कानपुर। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक अमर सिंह राजपूत ने आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री तथा जिलाधिकारी कानपुर को पत्र भेज नगर के लाला लाजपत राय हॉस्पिटल हैलेट में दवा माफियाओं व दलालों का गैंग पर सख्त कार्रवाई की मांग की। श्री राजपूत के मुताबिक विगत दिनों जब वह हैलेट पहुंचे तो गेट पर ही तकरीबन आधा दर्जन से अधिक युवक मरीजों व तीमारदारों के हाथ पकड़कर व गुमराह करके जबरन अपने प्राइवेट मेडिकल स्टोर तक ले जा रहे हैं। जबकि अस्पताल के भीतर सरकार द्वारा संचालित जन औषधि केन्द्र हैं।


उक्त घटनाक्रम का लाइव वाडियो भी उनके द्वारा अपने फेसबुक पर प्रचलित किया गया। दवा माफियाओं के द्वारा गरीबों को जबरन बरगला कर उनकी जेब खुलेआम काटी जा रही है। पत्र के माध्यम से अमर सिंह राजपूत ने सक्षम अधिकारी को उक्त दवा माफियाओं व दलालों को चिन्हित कर उन पर सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की।

# मेडिकल स्टोर में पड़ा छापा, स्टील की टंकी से हुआ बरामद प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन


» बीपीएस न्यूज

कानपुर। मुख़बिर द्वारा मिली सूचना पर कृष्णा मेडिकल हॉल रहीमपुर, कस्बा विसाधन, थाना ककवन, कानपुर नगर में प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की खुलेआम बिक्री की जा रही है। शिकायत मिलने पर सहायक आयुक्त औषधि कानपुर के निर्देशानुसार रेखा सचान औषधि निरीक्षक कानपुर नगर के द्वारा प्रदीप कुमार के कृष्णा मेडिकल हॉल पर जांच करने पर स्टील की बड़ी टंकी में पशुओं का दूध उतारने में प्रयुक्त होने वाला प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बरामद हुआ।

जिसका मूल्य लगभग 10000/- रुपये है। व मात्रा 204 ×100 एमएल, 51म30 एमएल है। उक्त प्रतिबंधित औषधि को फॉर्म 16



पर ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 के अंतर्गत सीज किया गया एवं 4 औषधियों के नमूने जांच एवं विश्लेषण हेतु संग्रहित किए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार अग्रिम करवाई की जाएगी।



कानपुर नगरवासियों को गणोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं




कानपुर नगरवासियों को गणोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं




कानपुर नगरवासियों को गणोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं







बीपीएस न्यूज
(साप्ताहिक समाचार पत्र)
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, संपादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502, व्हाट्सअप 9335908846
email:bps.knp786@gmail.com, info@bpsnews.in , www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओ की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनो के अंदर भेजे।